## खबर संक्षेप



### भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर सोनवर्षा का किया स्वागत

**अंडा।** तहसील साहू समाज अर्जुन्दा के संरक्षक पवन सोनवर्षा को भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर तहसील साहू समाज के पदाधिकारियो ने उनके गृह ग्राम पहुंचकर शुभकामनाएं दी। तहसील साहू समाज के अध्यक्ष उमाशंकर साहू ने बधाई देते हुए कहा कि अर्जुन्दा नया तहसील बनने के बाद मंडल अर्जुन्दा से पवन सोनवर्षा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है ये हम सबके लिये और पूरे साहू समाज के लिये गौरव की बात है। इस अवसर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, उमाशंकर साहू, गवीन्द्र साहू , चुकेश्वर साहू, सह सचिव विनय साहू आदि उपस्थित थे।

### गातापार स्कूल में शिक्षिका पायल को दी विदाई



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की बेटी पायल साहू विवाह पूर्व अपने गृह ग्राम गातापार में निःस्वार्थ सेवा भाव से स्कूल में अध्यापन कराती रही। रेवा राम साहू पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं वर्तमान सरपंच गातापार द्वारा पायल साहू द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किए।

## निधन

### कमलेश कुमार वर्मा

**भिलाई।** 60/12, नेहरू नगर पश्चिम भिलाई निवासी और भिलाई



स्टील प्लांट के पूर्व कार्यकारी कमलेश कुमार वर्मा 85 वर्ष का 18 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अगस्त को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भूपेंद्र नाथ बिजौरा, नीना और निलंजना के पिता थे।

## जन्माष्टमी पर्व पर निकली शोभायात्रा, हुए विभिन्न कार्यक्रम

# गांव-गांव में आए कन्हैया, निकली शोभायात्रा, दही लूट का मना उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सेलूद

स्थानीय यादव समाज सेलूद द्वारा जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वहीं यादव समाज द्वारा गांव में शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के वापस राधाकृष्ण मंदिर पहुँचने बाद मंचिय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि यादव समाज के द्वारा प्रतिवर्ष कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। कृष्ण भगवान ने सम्पूर्ण मानव जीवन को निष्काम कर्म का संदेश दिया है । पांच पांडवो को महाभारत बिना शस्त्र उठाये ही विजयी कराने का पराक्रम भरा कार्य किया है। धर्म की जीत को प्रधान माना गया है धर्म की हमेशा जीत होती है ।

कार्यक्रम को ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि यदुवंश में जन्म लेकर भगवान कृष्ण सभी जीव जन्तु के संरक्षण का संदेश दिया है । गाय चराने की कार्य कर गाय के महत्व को मानव जीवन को बतलाने का कार्य किया है । मटका फोड़, दही लूट का भी आयोजन समिति द्वारा किया गया। राधाकृष्ण के मंदिर में पुजा पाठ कर भगवान श्री कृष्ण को खीर पुड़ी का भोग लगाया गया। रात में राम जानकी मंडली द्वारा रामायण का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सेलूद सरपंच खिलेश मारकंडे, नेतराम यादव, उपसरपंच राकेश साहू, सुरेन्द्र बन्छोर ग्राम सभा अध्यक्ष अशोक यादव, त्रिभुवन यदु, अनिता यादव, बिरेन्द्र यादव, संजय यादव, लोकेश्वरी यादव, बिसाहू, चुरामन, तिरिथ, रिखी, चमारिन आदि उपस्थित थे।

### सेलूद में धूमधाम से मनाई भगवान कृष्ण जन्मोत्सव



### केसरा, भंसूली(के), तेलीगुंडरा में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**पाटन ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व यादव समाज एवं ग्रामवासी केसरा, भंसूली, तेलीगुण्डरा में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व



मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिपं दुर्ग थे। अध्यक्षता दिनेश साहू सदस्य जप, विशेष अतिथि नोमिन ठाकुर जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, डॉ. ईश्वर प्रसाद निषाद सरपंच केसरा, हुलेश्वरी साहू सरपंच तेलीगुंडरा,भगवती साहू सरपंच भंसूली, दिनेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू, मनीष पटेल पूर्व सरपंच,डॉ. केके साहू, तेजराम सिन्हा, बसंत सिन्हा उपसरपंच, बीरेंद्र साहू,गजानंद सिन्हा ग्राम प्रमुख, हीराराम सिन्हा सचिव ने श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख,समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना किए। सभी अतिथियों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई प्रेषित करते हुए बाल्यकाल कान्हा की लीलाओं का बखान किए। इस दौरान जीवन लाल यादव, मदन यादव, जितेन्द्र यादव, लव यादव, तुलसी यादव, संतराम यादव, हरिशचन्द्र यादव, बृजमोहन, नरोत्तम, ललतु, यशवंत, नत्थुराम, कुमार, ललित, रमेश, बुधारू, ओमेश आदि उपस्थित थे।

### परसदा में राम सत्ता का किया आयोजन

**अंडा।** अंडा समीपस्थ ग्राम परसदा (डंगनिया) में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राम सत्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दीपप्रज्वल के अतिथि गांव के सरपंच सत्यवती गजेंद्र साहू, पुजारी नरेश मिश्रा महाराज सहित ग्रामवासी भागबती साहू,अनुसूईया साहू,नंद कुमार साहू,विदेशी राम साहू,लविश मानिकपुरी सहित समस्त ग्रामवासी इस राम सत्ता कथा में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस अवसर पर सरपंच सत्यवती साहू ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समस्त ग्रामवासी की खुशहाली के लिए कामना की।



## बिजनेस साइट

### बीएम कॉलेज व बीएम आईटीआई दुर्ग में प्रवेश प्रारंभ

**भिलाई।** बीएम कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत - बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बीएड कोर्स संचालित है। बीएड के लिए कॉलेज




कोड - 114336 है। बीएड प्रवेश की प्रक्रिया काउंसलिंग के द्वारा होगी। संस्था में उपलब्ध सुविधाएं एसी लैब, क्लासरूम एवं वाई -फाई केंपस । संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट 100% रहा है। बीएम कॉलेज की स्थापना सन 2008 में हुई है। बीएम प्राइवेट आईटीआई, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड- कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित है। फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट की डिमांड नगर-निगम, रेलवे तथा बड़े-बड़े मॉल्स, हॉस्पिटल, रिफाइनरी फैक्ट्री तथा अन्य एवं हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर की डिमांड नगर निगम तथा रेलवे डिपार्टमेंट में है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के बजट के अनुसार राज्य के 10 जिलों में फायर स्टेशन की स्थापना होना है जिसमें दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर जिला भी शामिल है। संस्था द्वारा आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र अपनी सुविधानुसार ट्यूशन फीस को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर प्रवेश ले सकते हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया विश्व आदिवासी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। ननकट्ठी

ग्राम ननकटठी के गोंड़ पारा में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम बुद्धदेव की पूजा अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई । जहां परंपरागत वेशभूषा और रीति रिवाज की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे ,उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी समाज छोटा नहीं होता, साहू समाज कर्मा माता, सतनामी समाज गुरु घासीदास बाबा और आदिवासी समाज महारानी दुर्गावती व बुढ़ा देव की पूजा करता है यही विविधता छत्तीसगढ़ की असली पहचान है ,आदिवासी समाज ने भवन निर्माण के लिए 40 लाख रुपए की मांग रखी इस पर विधायक ने कहा कि मैं आदिवासी समाज के लिए छाया अवश्य बनवाऊंगा, कार्यक्रम में आदिवासी कन्या शक्ति सुवा नृत्य दल गंगा ठाकुर टीम एवं सुप्रिया ठाकुर टीम की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

विधायक ने दोनों दलों को प्रोत्साहन स्वरूप 10000 रुपए देने की घोषणा की ,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धमधा गढ़ तहसील अध्यक्ष पुराणिक नेताम ने कहा कि आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करना और आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। ग्राम पंचायत की सरपंच सुशीला साहू ने कहा कि गांव में पहली बार विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन हुआ है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, जिला पंचायत सभापति जितेंद्र यादव ,उपसरपंच रवि कुमार साहू, जनपद सदस्य प्रतिभा देवांगन, पंडित राम गोपाल तिवारी,पंडित चंपेश कृष्ण महाराज, घनश्याम साहू, सचेनद्र सिंह राजपूत, सुखनंदन देशमुख, ननकटठी परिक्षेत्र संतराम कुंजाम, संतोष मंडावी, गुलाब मंडावी, द्वारिका खुसरो, संतोष छेदईया ,जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ,कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त संदीप ठाकुर शिक्षक ने किया, आयोजन में भूषण ठाकुर आदि उपस्थित थे।



- आदिवासी समाज ने भवन निर्माण के लिए रखी मांग

## अंचल की खबरें

### शहीदों की प्रतिमाओं को अनावरण का इंतजार



**अंडा।** अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम देवगहन में किसान लोकेंद्र साहू ने सड़क किनारे खेत में लगवाई गई 18 शहीदों की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों कराने की मांग लेकर प्रयास तेज कर दिया है। शहीद परिवार के सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख , राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश यादव से मुलाकात कर निवेदन इस संदर्भ में निवेदन किया। विदित हो कि कारगिल शहीद दुर्वासा निषाद (देवरी-ख) के पिता मुंशीलाल निषाद, मां बोधनी बाई एवं शहीद गजरूराम मंडावी (खैरबना) की धर्मपत्नी रामप्यारी मंडावी सभी गुरूवार को कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष से मिलने बालोद पहुंचे थे। 75 वर्षीय शहीद के बुजुर्ग पिता मुनीलाल निषाद ने कहा कि पूरा देश आपरेशन सिंदूर में सेना के सौर्य पर गर्व महसूस कर रहा है। सेना के जवानों एवं देश के वीर शहीदों का सम्मान सभी को करना चाहिए। उनका शहीद बेटा दुर्वासा निषाद 1998 में आखिरी बार अगस्त माह में रक्षाबंधन पर्व पर बहन से राखी बंधवाने छुट्टी में घर आए थे एवं देश के प्रति अपना फर्ज निभाते कुछ ही दिनों बाद 4 सितंबर 1998 को कारगिल में अपने अन्य 3 साथियों के साथ पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा उनके वाहन में किए गए ग्रेनेड हमले में शहीद हो गए। बेटे की शहीद हो जाने की जानकारी उन्हें तब मिली जब सेना के दो जवान उनकी अस्थि कलश लेकर दुर्ग स्थित उनके निवास पहुंचे।

### मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का किया स्वागत



**भिलाई।** भाजपा नवीन कार्यालय सुपेला का उद्घाटन समारोह में पहुंचे प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा भिलाई के राजू खान, परवेज सलमानी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान खालिक शेरो, कफीलउद्दीन खान, छोटू अशरफ, शेख बाबर, तारिक खान, जहांगीर हुसैन, अली अहमद, अनवर वाहब, समद कुरैशी, अली अहमद, गुलाम अंसारी, इरफ़ान कुरैशी, नासिर भाई, जावेद खान, अजहर समेत मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बच्चों को पीएम टीम ने किया देश सेवा के लिए प्रेरित




**भिलाई।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसएनजी स्कूल के लगभग 400 से ज्यादा बच्चों ने पीएम टीम के वायु सेना, थल सेना और जल सेना के सैनिकों के साथ मिलकर स्वतंत्रता दिवस मनाया। पीएम टीम के सदस्यों ने टाइम मैनेजमेंट देशभक्ति और मातृभूमि की सेवा के साथ साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से प्रेरित किया। पीएम टीम जो कि युवाओं को प्री मिलेट्री ट्रेनिंग देने का काम करती है। कार्यक्रम में पीएम टीम के सदस्य अनुज प्रसाद सिंग चेयरमैन पीएम टीम,बोर्ड ऑफ डायरेक्टर संजय डंडोना मिसाइल इंजीनियरि रजनिश सिंह कारगिल योद्धा, दिनेश शर्मा लड़ाकू विमान इंजीनियर,सतीश गाडगे मरीन इंजीनियर, राजू हिरवानी प्रेरक वक्ता,एसएनजी की लेक्चरर श्रद्धा पालके,एंकर अंकिता सूर्यवंशी का अहम योगदान रहा है।

### सेवानिवृत्ति पर बसंत को दी गई विदाई




**जामगांव आर।** नगर डाकघर में पदस्थ एबीपीएम बसंत शिंदे 45 साल तक डाक विभाग में सेवा देते हुए 13 अगस्त 2025 को सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह उप डाकघर में आयोजित कर एबीपीएम बसंत शिंदे को शाल श्रीफल उपहार भेंट कर अधिकारियों कर्मचारियों ने विदाई दिए। विदाई समारोह में अतिथि मंच पर उपडाकपाल एस के पैकरा डाक सहायक सतीश भारते डाक अधिदर्शक लखनलाल चौहान एवं एमटीएस मोहन लाल साहू सेवानिवृत हो रहे एबीपीएम बसंत शिंदे मंचासिन रहे।समारोह में तवेरा डाकघर के एबीपीएम तारेंद्र कुमार साहू को विदेशी डाक घर नई दिल्ली के चयनित होने पर इन्हें भी साथियों ने विदाई दिए।




## ध्वजारोहण कर महापुरुषों व शहीद जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि, प्रतिभावान सम्मानित

### कुम्हारी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

**कुम्हारी।** नगर में 79 वीं स्वतंत्रता दिवस की धूम रहीं इस अवसर पर अनेक सरकारी संस्थाओं, स्कूलों व नगर के प्रमुख चौक चौराहों में शान से तिरंगा फहराया गया। कई प्रतिष्ठित संगठनों ने भी इस स्वतंत्रता दिवस को बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से



मनाया। नगर पालिका परिषद में पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने ध्वजारोहण किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक एतिहासिक पल है, हमे अपने देश की एकता और अखंडता के लिए मिलकर काम करना चाहिए। सियान सदन कुम्हारी में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में नगर के सभी नागरिक वरिष्ठ समाज सेवी ,प्रबुद्ध नागरिक महिलाओं की उपस्थिति रहीं। संस्था प्रमुख अध्यक्ष एवं साहित्यकार सेवनिवृत शिक्षक मुरारी लाल साव ने ध्वजारोहण किया। नगर के गौरव टिम्बर प्रतिष्ठान में ब्रिज भूषण पाण्डेय एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पुलिस थाना कुम्हारी में थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने ध्वजारोहण किया। सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी में कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघचालक शंकर लाल मढ़रिया ने की। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेजेस में शाला प्रबंधन समिति एवं विकास समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे द्वारा ध्वजारोहण किया गया । नगर के विद्यालय विचक्षण जैन विद्यापीठ में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल शंकरनगर में पार्षद हरिदास वैष्णव ने ध्वजारोहण किया प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। विद्याज्योति हा. से. इंग्लिश मीडियम स्कूल में रेवरेन्ट फादर रौशन खालको ने ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत दी गई। द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ एस डी पाण्डेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### वीर शहीदों को याद कर किया नमन

**अंजोरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अंजोरा, थनौद सहित आसपास क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वीर शहीदों को याद करते हुए नमन किया। ग्राम



अंजोरा बाजार चौक व ग्राम थनौद अटल चौक में जनपद सदस्य संगीता साहू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर ग्रामीणों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर थनौद सरपंच मेनका देशमुख, अंजोरा सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू, पंच शायमू साहू, शशि कला देवांगन, किरण साहू, दिनेश देशमुख, जीतू देवांगन, धनेश्वर साहू, सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### हेमू कल्याणी चौक वैशाली नगर में स्वतंत्रता दिवस

**भिलाई।** श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर द्वारा नई साज सज्जा के साथ हेमू




कल्याणी चौक वैशाली नगर भिलाई में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। कार्यकारिणी ने झंडा वंदन कार्यक्रम में भाग लिया। श्री राम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप पवन व वरिष्ठ जनों ने झंडा फहराया व राष्ट्रगान का सम्मान किया। इस समारोह में सभा के संरक्षक एवं वरिष्ठ जनो सदस्यों से मंगत राम धनवानी, दयाराम बत्रा, भीमसेन सेतपाल, प्रतापराय शिवानी, शिवन दास रामानी, ओम प्रकाश खेमानी शामिल थे। यह जानकारी श्रीराम सिंधी पंचायत वैशाली नगर के मीडिया प्रभारी मनोहर कृष्णानी ने दी।

### फेरो स्कैप निगम लिमिटेड में लहराया तिरंगा



**भिलाई।** फेरो स्कैप निगम लिमिटेड में स्वतंत्रता दिवस समारोह भिलाई एफएसएनएल प्राइवेट लिमिटेड के निगमन कार्यालय, भिलाई में 'स्वर्ण जंयती उद्यान' में एफएसएनएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तोशिहिरो फुजीवारा एवं पंकज त्यागी, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं विधि द्वारा परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तोशिहिरो फुजीवारा के कर कमलों द्वारा सफाई कर्मचारियों तथा सुरक्षा प्रहरियों को सम्मानित किया गया।

### महाराणा प्रताप भवन में ध्वजारोहण



**ननकट्ठी।** सग्राम ननकट्ठी के महाराणा प्रताप भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ध्वजारोहण कार्यक्रम भगवताचार्य पंडित चंपेशकृष्ण महाराज ननकटठी के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम के पंडित राम गोपाल तिवारी ,सदानंद शुक्ला ,उपसरपंच रवि साहू , पंचगण, लोकेश्वर सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

### देशप्रेम के प्रति ओतप्रोत रहेः अशोक



**पाटन।** जाह्नवी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी । मां जाह्नवी पब्लिक स्कूल भंसूली(के) में 79वीं स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग थे, अध्यक्षता गैंदलाल डहरिया पूर्व जप ने की, विशेष अतिथि तुलसी डहरिया पूर्व सरपंच, डॉ हेमंत साहू,गजेंद्र साहू पंच, महादेव साहू सेवानिवृत शिक्षक ने तिरंगा झंडारोहन एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। इस अवसर पर रमाकांत तिवारी, नोहरलाल खूंटे प्राचार्य, राजेश्वरी साहू,करिश्मा साहू, लोकेश्वरी आदि थे।

### जेवरा सिरसा में किया ध्वजारोहण



**ननकट्ठी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम के सरपंच भुवनेश्वरी कुर्रे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य संतोष निषाद, उपसरपंच भुनेश्वर यादव, एसएमसी के अध्यक्ष संतोष साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सार्वे, सदस्य गण लक्ष्मी कुंभकार, हरिओम कुंभकार, पुनीत साहू , पंचगण,तथा गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए ,पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा की प्रधान पाठक संध्या सेंगर, श्वेता ठाकुर, कौशल्या ठाकुर, राम बाई डहरिया, नीलम शांडिल्य ,विभूदुबे, यशु भारती , सरिता सोनी ,आनंद तिवारी , सीता मनराल, नंदा देशमुख, प्रमिला देवांगन एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय, पाटन में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा छात्र-छात्राओं में



देशभक्ति की भावना देखने को मिली। समारोह के मुख्य आकर्षण ध्वजारोहण कार्यक्रम रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नंदा गुरवारा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान के साथ समारोह की शुरुआत हुई। ध्वजारोहण के पश्चात प्राचार्या महोदया ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि यह दिन हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है और हमें राष्ट्र के निर्माण में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।

### बंगाली समाज ने किया ध्वजारोहण



**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज द्वारा सेक्टर-7 स्थित कार्यालय प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए।

### हुडको कालीबाड़ी में स्वतंत्रता दिवस



**भिलाई।** हुडको स्थित कालीबाड़ी प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। तिरंगा फहराया गया। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सबने मिलकर देश के प्रति अपने प्रेम का

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 19 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 30.6 डिग्री

न्यूनतम 19.6 डिग्री


12 बच्चों को पीएम टीम ने किया देश सेवा के लिए प्रेरित






14 जिला पुलिस ने निकाली नशे को छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो रैली






## खबर संक्षेप

### डॉ. नीरज अंतराष्ट्रीय सलाहकार चयनित

दुर्ग। स्टील कॉलोनी दुर्ग निवासी



डॉ. नीरज चंद्राकर को हेल्थ सेक्टर में अंतराष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है। वे दुर्ग की पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर के बेटे हैं। डॉ. नीरज चंद्राकर को अंतरराष्ट्रीय सलाहकार पद रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स एंड फिजीशियन्स ने चुनिंदा वैश्विक विशेषज्ञों में शामिल किया है। डॉ. चंद्राकर मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिस्ट विशेषज्ञ हैं। उन्हें रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स एंड फिज़ीशियन्स ग्लासगो, यूके ने अंतरराष्ट्रीय सलाहकार के रूप में नियुक्ति दी है। डॉ. चंद्राकर ने बताया कि विश्वभर से अनेक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से डॉ. चंद्राकर को चुनिंदा कुछ विशेषज्ञों में शामिल किया गया है। यह मान्यता उनके चिकित्सा और दंत चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने और क्लिनिकल उत्कृष्टता की दिशा में उनके सतत प्रयासों की वजह से प्रदान की गई।

### गांजा तस्करी करते दो युवक गिरफ्त में



**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा का कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई नगर पुलिस ने स्कूटी सीजी 08 बीडी 7953 में सवार दो युवको को पकड़ा गया है। गांजा लेकर राजनांदगांव से भिलाई पावर हाउस की ओर आ रहे थे। सेक्टर 07 चौक गैरेज रोड भिलाई में वाहन चेकिंग चल रही थी। युवकों का नाम पूछने पर कमला कॉलेज रोड जीवन कॉलोनी पाताल भैरवी मंदिर के पीछे राजनांदगांव निवासी हेमंत बमभोले उर्फ भोला और वार्ड 13 स्टेशन रोड थाना चिखली जिला राजनांदगांव निवासी अक्षत शेंडे बताया। युवकों से पुलिस ने गांजा वजनी 1.150 किलोग्राम जब्त किया। मामले में जांच जारी है।

## स्वास्थ्य विभाग की बिगड़ी सेहत

# एनएचएम के 850 से ज्यादा कर्मी हड़ताल पर, हमर क्लीनिक बंद, मलेरिया और टीबी की जांच रही प्रभावित, आज से आईसीयू के डॉक्टर हड़ताल पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

लोगों की सेहत सुधारने वाले स्वास्थ्य विभाग का ही स्वास्थ्य बिगड़ गया है। जिले में एनएचएम के अंतर्गत पदस्थ 850 से ज्यादा कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने सोमवार को जिला अस्पताल के सामने जीई रोड पर पंडाल लगाकर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरना दिया।

उनका यह धरना अनिश्चितकालीन के लिए शुरू हुआ है। वे अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले करीब तीन महीने से आंदोलनरत है। शासन-प्रशासन ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, इसके बाद उन्होंने धरने पर बैठने का निर्णय लिया है। उनके आंदोलन के चलते सोमवार को डीईआईसी और कान जांच केंद्र में काम पूरी तरह ठप रहा।

अन्य जगहों पर कार्य आंशिक रूप से प्रभावित रहा। खबर है कि मंगलवार यानी 19 अगस्त से आईसीयू और एसएनसीयू में पदस्थ डॉक्टर और अन्य स्टाफ भी धरने में शामिल होगा। इसके बाद व्यवस्था के और अधिक बिगड़ने की संभावना है। सोमवार को एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनरतल कर्मचारियों ने पूरे दिन धरना दिया। शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### जिले के अलावा पूरे प्रदेश के एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर

जानकारी के मुताबिक जिले के अलावा पूरे प्रदेश के एनएचएम कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के फैसला लिया है। जिले में जहां 850 से ज्यादा कर्मचारी हैं, वहीं प्रदेश में इनकी संख्या 16500 से ज्यादा है। उनकी 10 सूत्रीय मांगों में संविलियन और स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता, नियमित भर्ती में आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस इलाज के लिए बीमा की सुविधा शामिल है। इस विषय को लेकर कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को रायपुर में स्वास्थ्य मंत्री से भी मिला। बहरहाल मांगों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है।



### मरीजों को परेशानी, सीएमएचओ दफ्तर में भी कार्य प्रभावित

एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने से जिला अस्पताल में मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। कई सरकारी योजनाओं का काम प्रभावित हुआ है। सीएमएचओ दफ्तर में भी स्टाफ की कमी हो गई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को हड़ताल की वजह से डीईआईसी और कांन जांच केंद्र में काम प्रभावित रहा। यहां का पूरा स्टाफ एनएचएम में कार्यरत हैं। कुछ डॉक्टर जो आईसीयू और कैजुअल्टी में पदस्थ हैं। उन्होंने मंगलवार से हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है। एनएचएम के कर्मचारी एसएनसीयू और आईसीयू में भी पदस्थ हैं।

### 75% से ज्यादा का काम एनएचएम स्टाफ के भरोसे

सीएमएचओ दफ्तर में 75 प्रतिशत से ज्यादा का काम एनएचएम के भरोसे है। मलेरिया ऑफिस का भी काम बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिला अस्पताल में सिविल सर्जन ऑफिस का भी प्रभावित हुआ है। हमल क्लीनिक लगभग सभी जगहों पर बंद हो गए हैं। टीबी के मरीजों के लिए भी परेशानी सामने आई है। वर्तमान में टीबी सेंटर में अधिकतर स्टाफ एनएचएम के हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य और उपस्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारी ना रहने से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

## सीएम विष्णुदेव ने 241.50 करोड़ के कामों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# 20 करोड़ में बनेगा निगम का नया भवन दुर्ग-रायपुर कैपिटल रिजन को भी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को भिलाई शहर में थे। इस दौरान उन्होंने शहर विकास के लिए होने वाले करीब 241.50 करोड़ रुपए के कामों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। साथ ही प्रियदर्शनी परिसर स्थित नए भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। भिलाई निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन और भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह की मांग पर निगम के नए भवन के लिए 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने इस दौरान सेक्टर-6 में बन रहे श्री कृष्णधाम के लिए भी जरुरत के अनुरूप राशि उपलब्ध कराए जाने की बात कही। उन्होंने मंच से जानकारी दी कि दुर्ग, भिलाई, रायपुर के मध्य एक नया रिजन कैपिटल तैयार किया जा रहा है। इसके लिए विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। इससे तीनों शहरों और इसके आसपास के करीब 100 से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास होगा। रिजन कैपिटल के अंतर्गत नए इन्फ्रॉस्ट्रक्चर तैयार किए जाएंगे। नई चौड़ी सड़कें बनेंगे, नए बाइपास बनाए जाएंगे। रोजगार के संसाधन विकसित होंगे। साय ने 1875.15 लाख रुपए की लागत के 46 कार्यों का लोकार्पण किया। इसी प्रकार भूमिपूजन के अंतर्गत 24150.39 लाख के कामों का शिलान्यास किया।



### डेढ़ साल में पूरे प्रदेश में विकास की बयार : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वादे को हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूर्ण किया जा रहा है। हमारी सरकार डेढ़ वर्षो से लगातार विकास की ओर अग्रसर है। तीन करोड़ जनता से किए गए वादों को हमारी सरकार पूरा कर रही है। हमारी सरकार ने बीते 20 महीनों में अधिकांश गारंटी को पूरा किया है। आर्थिक विकास के लिए 21 क्विंटल धान पर 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान सुनिश्चित किया गया। महिलाओं को महतारी वंदन योजना' के तहत प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना' के तहत सालाना 10 हजार की आर्थिक सहायता राशि दिया जा रहा है।



### निकायों के विकास कार्यों के लिए 7 हजार करोड़ की मंजूरी

साय ने कहा कि पिछले एक साल में निकायों के लिए 7 हजार रुपए के कामों को मंजूरी प्रदान की गई है। उन्होंने कार्यक्रम में योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि नगरोत्थान योजना के तहत नगरीय निकायों में योजनाबद्ध ढंग से सुनियोजित विकास के लिए राशि स्वीकृत की जा रही है। शहरों को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। 18 माह में अकेले भिलाई को विकास कार्यों के लिए 470 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, महापौर नीरज पाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### अटल डिजिटल केंद्र में होंगे हर जरूरी काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना' के तहत अब तक 22 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या यात्रा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू हो चुके हैं, जहां ग्रामीणों को दस्तावेज, प्रमाण पत्र और बैंकिंग सुविधाएं मिल रही हैं। अगले छह महीनों में 5 हजार और पंचायतों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। 24 अप्रैल 2026, पंचायती राज दिवस पर छत्तीसगढ़ की सभी ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे।



# आपसी रंजिश के कारण युवक पर प्राणघातक हमला तीन को सात साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के न्यायालय से आया फैसला

कोतवाली थाना अंतर्गत सिंडिकेट बैंक के पास शनिचरी बाजार के पास आपसी रंजिश के कारण तीन युवकों ने मिलकर गुलामे मुस्तफा उर्फ अमन पर प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपियों ने कांच की बोतल, पत्थर, डंडे और लोहे के राड से सिर, पीठ, कमर और कंधे पर वार किए। बुरी तरह घायल अमन को अस्पताल में भर्ती करायाा। उसके भाई मोइनुद्दीन ने इस मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की।

पुलिस ने धारा 427, 307, 294, 34 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी लोक अभियोजक एमके दिल्लीवार ने की। प्रकरण के मुताबिक घटना 13 जून 2023 की है। रात करीब ढाई बजे घटना स्थल पर अमन का गौरा चौरा आपापुरा निवासी खोजन सिंह ठाकुर (19 वर्ष), तारण सिंह (20 वर्ष) और सिद्धार्थ नगर के आयुष समुद्रे (19वर्ष) से विवाद हो गया। आरोपियों ने मिलकर अमन पर प्राणघातक हमला कर दिया। इसके बाद उसे अचेत छोड़कर वहां से भाग खड़े हुए। इसकी खबर अमन को भाई मोइनुद्दीन को हुई। उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया। धारा 307 में तीनों आरोपियों को 7 साल, 1 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। राशि अदा नहीं करने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसी प्रकार धार 427 में 1 साल और धारा 294 मं एक माह की सजा सुनाई गई। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

### ज्वेलरी शॉप और मकान का ताला टूटा, अपराध दर्ज

**भिलाई।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कृष्ण जन्माष्टमी की रात मकान से लाखों की चोरी होने का मामला सामने आया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम ननकट्टी निवासी भागवत सोनी की ग्राम कोड़िया बस स्टैंड के पास श्री भावना ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। 16 अगस्त की रात वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। 17 अगस्त की सुबह मकान मालिक राजू पांडे ने फोन कर उसे बताया कि उनके दुकान का शटर टूटा हुआ है। सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। वहीं दूसरी चोरी नेवई के एचएससीएल कालोनी वार्ड 18 की है। जहां दुर्गा मंदिर स्टेशन मरोदा निवासी दुर्गेश निषाद अपने परिवार के साथ 16 अगस्त को मकान का ताला टूटा। अज्ञात करीबन 30 हजार सोना, चांदी के जेवरात ले भागे।

# लंबे समय बाद सीएसवीटीयू को मिला नया कुलपति, डॉ. अरोरा ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

डॉ. अरुण अरोरा को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) का नया कुलपति बनाया गया है। उन्होंने सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे कुलपति का पदभार ग्रहण कर लिया। उनकी नियुक्ति का आदेश 18 अगस्त को राजभवन से जारी किया गया। अक्टूबर 2024 में पूर्व कुलपति डॉ. एमके वर्मा का कार्यकाल पूरा हुआ था। तब से



रविवि के कुलपति प्रो. डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला को यहां प्रभारी कुलपति बनाया गया था। उनके प्रभार का आदेश भी 6 अगस्त को समाप्त हो गया था। इसके बाद से नए कुलपति के आने के कयास लगाए जा रहे हैं। बता दें कि 11 सितंबर 2024 को विवि में कुलपति नियुक्ति के आवेदन मंगाए गए थे। देशभर से 58 लोगों ने आवेदन किया था। डॉ. अरोरा ने अपनी स्कूली शिक्षा भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 से की। इसके बाद वर्तमान के एनआईटी रायपुर से बीई की। फिर आईआईटी रुढ़की से मास्टर की डिग्री ली। रायपुर से ही उन्होंने पीएचडी किया। वर्ष 1988 से वे बीआईटी कॉलेज में सेवारत रहे।

### जिले में 650.6 मिमी बारिश, 5 प्रतिशत कम

दुर्ग। जिले में अब तक 650.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 5 प्रतिशत कम है। औसत सामान्य बारिश 686.7 मिलीमीटर है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को जिले में 2.4 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम में बदलाव के कारण जिले के तापमान में भी गिरावट दर्ज की है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 30.6 रिकार्ड किया गया, जो सामान्य के करीब रहा, लेकिन रात का पारा 19.6 डिग्री रिकार्ड किया गया, यह सामान्य से 4.6 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों बारिश के आसार है।

### ये है नेशनल हाईवे...सड़क किनारे हफ्तेभर से मलबा डंप, हर रोज हो रहा ट्रैफिक जाम, हादसा भी हो चुका



**भिलाई।** नेहरूनगर चौक से टाटीबंध तक नेशनल हाईवे-53 में कोसानाला के करीब पिछले करीब हफ्तेभर से मलबा डंप है। इस मलबे की वजह से रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आ रही है। इतना ही नहीं इसी जगह पर पांच दिन पहले एक हादसा भी हुआ, जिसमें एक बुजुर्ग महिला को जान गंवानी पड़ी। बता दें कि एनएचएआई पर ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए सुपेला थाना के पास कोसानाला के पास बने पुराने टोल के इंफ्रास्ट्रक्चर को तोड़ा जा रहा है। साथ ही जो एनएच कर्व में घूमी थी, उसे भी सीधा किया जा रहा है। इसके अलावा पुल बनाने का भी काम किया जा रहा है। सुरक्षा संचेतक तक नहीं लगाए गए हैं। इसके चलते लगातार हादसे का खतरा बना हुआ है।

*फोटो : संजय पांडेय*

## पुलिस रक्षा टीम ने स्कूल और मैत्रीबाग में चलाया अवेयरनेस कैम्पेन

# इमरजेंसी नंबर 112 रखें याद, सोशल फ्रॉड पर 1930 पर करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नशे, डिजिटल अरेस्ट और सोशल फ्रॉड से बचाव को लेकर पुलिस विभाग की रक्षा टीम ने स्कूलों और मैत्री बाग में विशेष कैम्पेन चलाया। इस दौरान लोगों को इमरजेंसी नंबर 112 और सोशल मीडिया फ्रॉड से बचाव को लेकर 1930 नंबर में जानकारी लिए जाने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर नशे के विरुद्ध स्लोगन, पोयम एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मैत्री गार्डन में महिलाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सीएसपी दुर्ग हर्षित मेहर ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी दी। नशे के उपयोग से होने वाली समस्या के बारे में अवगत कराया। मोबाइल के उपयोग को लेकर भी अवेयर किया। उन्होंने कहा कि अपने मोबाइल पर महत्वपूर्ण नम्बर को सुरक्षित रखने साथ ही अपने पास की निजी जानकारी किसी से शेयर ना करें।

### डिजिटल अरेस्ट से बचाओ को लेकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

#### ट्रैफिक रूल्स से कराया अवगत लर्निंग लाइसेंस की दी जानकारी

पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बच्चों को यातायात के नियम तथा नशे से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी। उन्होंने नशे से होने वाली समस्याओं के बारे में एवं उसके बचाव के बारे में बताया। यातायात नियमों की जानकारी दी। लर्निंग लाइसेंस के बारे में अवगत कराया। सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को महिला संबंधी अपराध पॉक्सो एक्ट तथा आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए। इसके अलावा आत्मरक्षा को लेकर नियमित रूप से प्रशिक्षण लेने की सलाह दी गई।



**पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित:** इस अवसर पर जागरुकता के लिए स्लोगन लिखो, पेंटिंग बनाओ, कविता लिखो जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने नशे के विरुद्ध अपने विचार रखे। श्रेष्ठ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मैत्री गार्डन में महिला संबंधी अपराध, सोशल मीडिया से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी गई। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सेंट जेवियर्स विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित अन्य मौजूद थे।

### धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार



भिलाई। धारदार चाकू लेकर घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। जामुल और भिलाई नगर थाना क्षेत्र से पीछे वाम्बे आवास जवाहर नगर निवासी अर्जुन सिंह, चिखली जिला राजनांदगांव मयंक सुखदेवे नामक युवक को अवैध रूप से धारदार हथियार चाकू रख कर चल रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस द्वारा कानून एवं शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाया।

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



जेल में बंद आजीवन कारावास की सजा काट राय कैदी को मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक ग्राम टिकरी थाना अर्जुंदा, जिला बालोद निवासी राधेश्याम यादव 58 वर्ष है। मृतक हत्या समेत गंभीर धारा 302, 450, 506 में दोषी पाए जाने पर आ सेंट्रल जेल दुर्ग जीवन कारावास की सजा काट रहा था। मृतक राधेश्याम यादव 26 फरवरी 2013 से दुर्ग जेल में बंद था। बीते दिनों उसकी अचानक तबीयत खराब होने पर चिकित्सकों की सलाह पर उसे दुर्ग जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। भर्ती के दौरान 17 अगस्त की रात 9 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत है गई।

राधेश्याम यादव को बालोद में सजा हुई थी, इसके बाद उसे दुर्ग जेल में रिफर किया गया था। खबर लगने पर जेल प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई किया। शव का पीएम की प्रक्रिया को पूरी कर परिजनों को जानकारी दी गई।

**खबर संक्षेप**

## पावरहाउस स्टेशन का हो रहा तेजी से पुनर्विकास

**भिलाई।** भिलाई नगर स्टेशन में जल्द ही यात्रियों को कई नई सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन के पुनर्विकास का निर्माण कार्य तेजी से चल में है। स्टेशन के रिनोवेशन हो जाने से आधा दर्जन यात्रियों को पावरहाउस स्टेशन नहीं जाना पड़ेगा। भिलाई नगर स्टेशन का तेजी से कायाकल्प हो रहा है। 75 फीसदी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। पुनर्विकास के बाद यहां लंबी दूरी के एक्सप्रेस गाड़ियों के भी स्टापेज की मांग की गई है। दैनिक यात्री संघ ने दो लोकल गाड़ियां बढ़ाने और सभी लोकल के स्टापेज की भी मांग की है। स्टेशन में प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, प्रसाधन आदि के बाद सामने लंबा कारीडोर व आकर्षक गेट का भी निर्माण हो चुका है। वहीं महाराणा प्रताप चौक के पास स्वागत द्वारा बनाया जा रहा है। यात्रियों ने दोनों ओर स्टेशन तक पक्की सड़क बनाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इस स्टेशन से सेक्टर 7, 6,5, हुडको सहित आधे टाउनशिप व आसपास के लोग भी सफर करते हैं।

## प्रांतीय सेन समाज की बैठक आज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रान्त सेन नाई समाज (पंजीयन-82) की कार्यकारिणी व समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार 19 अगस्त को सुबह 11 बजे मायाराम सुरजन लोकायन हाल राजबंधा मैदान के पास रायपुर में आयोजित है। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष पुनीतराम सेन करेंगे। प्रांतीय सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि बैठक में कई आवश्यक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी प्रकोष्ठों के प्रांतीय पदाधिकारियों व जिला पदाधिकारियों से बैठक में समय पर उपस्थिति की अपील की है।

## तीज मिलन एवं सावन महोत्सव 22 को

**दुर्ग।** जिला साहू संघ दुर्ग महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीजा तिहार, सावन महोत्सव का आयोजन 22 अगस्त रविवार सुबह 11 बजे साहू सदन केलाबाड़ी दुर्ग में किया गया है। मुख्य अतिथि रमशीला साहू, अध्यक्षता चन्द्रिका साहू आदि मौजूद रहेंगे। तीजा तिहार सावन महोत्सव में अनेक कार्यक्रम एवं स्पर्धाएं कुर्सी दौड़, फुगड़ी, तीज ज्ञान आदि का आयोजन किया जाएगा।

# निगम की कार्रवाई : बकाया टैक्स पर 4 करदाताओं के काटे नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली को लेकर सख्त तेवर दिखाए हैं। उन्होंने राजस्व विभाग अमले की बैठक लेकर स्पष्ट कहा कि नगर निगम की आय का सबसे बड़ा स्त्रोत टैक्स वसूली है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड में वसूली का प्रतिशत शत-प्रतिशत होना चाहिए। आयुक्त के निर्देश के बाद निगम अमले ने विभिन्न वार्डों में बकायादारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई के तहत बड़े बकाएदारों के नल कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

### चालू व बकाया टैक्स नहीं जमा करने पर काटे गए कनेक्शन

वार्ड क्रमांक 19 में शांति बाई / रामदुलार प्रसाद पर वर्ष 2018 से लेकर 2025-26 तक चालू एवं बकाया कर की राशि 51,837 बकाया था। राशि जमा न करने पर निगम ने उनका नल कनेक्शन काट दिया। इसी प्रकार वार्ड 22 में तीन बड़े बकायादारों पर कार्रवाई की गई। जिसमें मंगल सिंह / रमाई भगवान 2010 से 2025-26 तक बकाया 70,261, जगन्नाथ यादव / हनुमान यादव 2014 से 2025-26 तक बकाया 56,353, कन्हैया लाल / मानसिंह यादव – 2017 से 2025-26 तक बकाया 54,571 तीनों करदाताओं के नल कनेक्शन निगम की टीम ने काट दिए हैं।

### बड़े बकायादारों पर निगम की है कड़ी नजर, कर नहीं चुकाने वालों को चेतावनी

**आयुक्त का सख्त संदेश**

आयुक्त अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 60 तक जिन बड़े बकायादारों ने अब तक टैक्स नहीं चुकाया है, उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंनेकहा कि जो भी नागरिक अपने बकाया टैक्स को लेकर उदासीनता दिखाएंगे, उन्हें न केवल नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई झेलनी होगी बल्कि आगे की कानूनी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।



**लगातार जारी रहेगी ऐसी कार्रवाई**

आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राजस्व वसूली पर नियमित समीक्षा हो और कार्रवाई में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जनता के हित में शहर के विकास कार्य और बुनियादी सुविधाओं के लिए निगम को वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता है, और इसके लिए करों की वसूली अत्यंत आवश्यक है।

### कबाड़ हो रही दुर्ग जिले में दौड़ने वाली सरकारी बसें, अधिकतर के पार्ट्स गायब


# ताले में सिटी बस... चार साल से सेवा ठप, बसों के बचे सिर्फ चेचिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी को पांच साल पूर्व मिली सिटी बस की सौगात पिछले चार साल से ताले में बंद कबाड़ में तब्दील हो चुकी है। नगर निगम भिलाई मुख्यालय से लगे पुराने कार्यालय में खोले गए बस डिपो में अधिकतर बसों के मात्र चेसिस ही बचे हैं। इसका खामियाजा शासन के साथ लोगों का भी भुगतना पड़ रहा है।

जनता की सेवा और सुविधा के नाम पर सरकार की बेहतर योजना को कैसे पलीता लगाया जाता है और यह लापरवाही और बंदरबांट का माध्यम बन जाती ही है, मिसाल सिटी बस सेवा योजना है। शासन, प्रशासन की नीम बेहोशी के चलते स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भिलाई दुर्ग में 17 अगस्त 2017 को केंद्रीय मंत्री वैंकैया नायडू द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरु की गई सिटी बस संचालन सेवा मात्र एक साल में ही दम तोड़ गई। बसों के संचालन में लापरवाही और बदइंजामी के चलते बसों का संचालन फिसड्डी साबित हुआ और ठेका कंपनी बीच में ही भाग गई अधिकतर बसों के कीमती पार्ट्स और कलपुर्जे आदि चोरों की भेंट चढ़ गए । पिछले तीन साल से सिटी बस सेवा बंद है, जिसके कारण जरुरतमंद लोगों को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**2017 को केंद्रीय मंत्री वैकैया नायडू ने हरी झंडी दिखाकर शुरू की थी सिटी बस संचालन सेवा**





**डिपो में ताला, कबाड़ हो रहीं करोड़ों की बसें**

भिलाई निगम के बाजू में पुराने निगम कार्यालय परिसर में सिटी बस डिपो में खड़ी बसें कबाड़ हो रही हैं। डिपो में दोनों ओर से ताला जड़कर प्रशासन ने अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। डिपो के अंदर खड़ी अनेक बसों के पहिए, टायर, सीटें, इंजिन आदि चोर पार कर चुके हैं। दुर्ग में भी कुछ बसें डैमेज हो चुकी हैं।

**72 बसें और 5 रुपए में भिलाई से दुर्ग का सफर**

5 साल पूर्व ट्विनसिटी सहित जिले के ग्राम्य अंचल तक शुरु हुई सिटी बस सेवा के तहत 109 बसों के संचालन की घोषणा की गई थी। इसके तहत शुरु में करीबन 72 बसें दुर्ग से भिलाई सहित कुम्हारी, अहिवारा, पाटन, जामुल आदि जिले के ग्राम्य अंचल तक काफी कम किराए पर चलती थीं। भिलाई से दुर्ग का किराया मात्र 5 रुपए व कुम्हारी का मात्र 12 रुपए था। यह योजना स्टूडेंट्स, रिटायर बुजुर्गों,महिलाओं और अल्प आय वाले ग्रामीणों के लिए लाभदायी थी। सेवानिवृत्त कर्मियों ने बताया कि आटो में दुर्ग जाने व आने में 40 रुपए भाड़ा लगता है। रिटायर होने के बाद यह राशि भारी पड़ रही है। स्टूडेंट्स को भी दिक्कत हो ती है। सिटी बस फिर से जल्द शुरु की जानी चाहिए।

इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा कुछ बसों के चरिए एक बार सिटी बस सेवा का संचालन दोबारा शुरु करने का प्रयास किया गया लेकिन यह नाकाम रहा। गौरतलब हो कि शासन व प्रशासन द्वारा दुर्ग भिलाई अर्बन ट्रांसपोर्ट कंपनी के नाम से बस सेवा का संचालन शुरु किया गया था। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक मानिटरिंग करने वाली ट्रांजिट कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर, सचिव नगर निगम भिलाई के कमिश्नर सहित दस अधिकारी शामिल थे। लेकिन इस जिम्मेदार समिति की आंखों में धूल झोंकते हुए सिटी बसों का संचालन करने वाली ठेका कंपनी का ठेकेदार करीबन सालभर में ही भाग गया और बस सेवा बंद हो गई। बताते हैं कि ठेकेदार और बसों के ड्रायवर आदि उसके लोग ज्यादातर बसों के टायर, इंजिन आदि भी निकाल ले गए । प्रशासन द्वारा ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर भी की गई लेकिन सिटी बस सेवा आज तक दोबारा शुरु नहीं की जा सकी।

## विधायक ने दी इंडियन नेवी में चयनित सविता को शुभकामनाएं



**दुर्ग।** इंडियन नेवी अग्निवीर के रूप में चयनित होकर सविता गाँव की प्रथम बेटी बनी हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसमड़ा निवासी कु. सविता साहू पिता मनोज कुमार साहू माता संगीता साहू उम्र 18 वर्ष इंडियन नेवी (अग्निवीर) में चयनित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात प्रथम गांव आगमन पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने निवास स्थान पहुंचकर कर स्वागत, अभिनंदन किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कु. सविता साहू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी इस उपलब्धि से ग्राम रसमड़ा का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि कु. सविता साहू की इस सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर मनोज साहू, संगीता साहू, चुरावन साहू, कुम्हारी नगर परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा, जनपद सदस्य अशोक कुमार साहू टाकेश्वरी साहू, देव प्रसाद साहू, नंदू निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

## खेल युवाओं के लिए महत्वपूर्ण मंच : ललित



**दुर्ग।** ग्राम अंजोरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नवभारत क्रीड़ा मंडल द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी जैसे खेल हमारे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच संतोष सारथी, भीखम साहू, देवव्रत तिवारी, जन्मेजय साहू, हेमंत देशमुख, मुकेश साहू, लेखराम साहू, नारायण साहू आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने लाल किले में दी प्रस्तुति, मिले सांसद से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा का दल

स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक लालकिला में छत्तीसगढ़ लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा, दुर्ग के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। यह दल संस्था के निर्देशक डॉ. लीलाधर दास के निर्देशन में 20 कलाकारों के साथ मंचित हुआ।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लालकिले पर ध्वजारोहण कर 21 तोपों की सलामी दी। साथ ही 2 हेलीकॉप्टरों से पुष्पवर्षा हुई। इस अद्भुत पल का आनंद छत्तीसगढ़ लोक धरोहर के कलाकारों ने भी हजारों देशवासियों के साथ लिया और छत्तीसगढ़ महतारी जय तथा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

संस्था के निर्देशक डॉ. लीलाधर दास ने बताया कि यह उनका दिल्ली में 14वां अवसर है, जब वे लालकिले पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कार्यक्रम से वापसी पर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर प्रभारी इंस्पेक्टर डॉ. तरूणा साहू ने कलाकारों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस सफल आयोजन पर छत्तीसगढ़ लोक धरोहर की टीम ने दिल्ली में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद विजय बघेल से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ के हजारों कला-प्रेमियों,समाजसेवी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने संस्था के कलाकारों को बधाई दी।

## जिला पुलिस ने निकाली नशे को छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला दुर्ग पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे को छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो रैली पुलिस वेलफयेर पेट्रोल पंप से सेक्टर-6 भिलाई से जयंती स्टेडियम तक 2 किलोमीटर रैली आयोजित की गई। आयोजन आज की युवा पीढ़ी एवं नशे के आदि समाज को नशे से दूर रहने एवं नशे जैसी बुराई से छुटकारा पाने के लिए समाज को एक संदेश देने के उद्देश्य से किया गया था। जिससे समाज में नशे के विरूद्ध संदेश के रूप में जा सके। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक झा, उप पुलिस अधीक्षक (लाईन) चन्द्र प्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सदानंद विन्ध्यराज, रक्षित निरीक्षक रक्षित आरक्षी केन्द्र नीलकंठ वर्मा, निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ट, यातायात एवं पीटीआई अशोक पटेल के साथ उनके ग्राउण्ड के प्रशिक्षणरत 20 बच्चे, हरभजन सिंह उनके ग्राउण्ड के प्रशिक्षणरत 50 बच्चे, बालकदास उनके ग्राउण्ड के प्रशिक्षणरत 30 बच्चे तथा सातवीं वाहिनी छसबल से 55 अधिकारी, कर्मचारी, आठवीं वाहिनी से 35 अधिकारी, कर्मचारी एवं बीसवीं वाहिनी की 27 महिला तथा जिला पुलिस बल रक्षित केन्द्र से अधिकारी, कर्मचारी दौड़ में शामिल हुए।



## राउंड टेबल 243 ने 8 कक्षाओं के निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 8 कक्षाओं के निर्माण के लिए भूमि पूजन सभी क्लब के सदस्यों के बीच किया गया। मौके में प्रिंसिपल, सभी अध्यापक, स्कूल के बच्चे, भिलाई राउंड टेबल के चेयरमैन ध्रुव रस्तोगी और सरपंच मौजूद थे। इन कक्षाओं के निर्माण से छात्रों को हो रही असुविधा से राहत मिलेगी और पढ़ने के लिए एक अनुकूल वातावरण भी बनेगा। इससे पहले भी भिलाई राउंड टेबल द्वारा बिरेभाठ, कोडिया, समोदा, कोसा नगर, बापू नगर, भसीन तथा ननकट्ठी, ढौर, बोरी में स्कूली कक्षाओं का निर्माण कराया गया है। भिलाई राउंड टेबल पिछले 10 सालों से विभिन्न स्कूलों में कक्षाओ का निर्माण कर रहा है। अभी तक कुल 48 कक्षाओ का निर्माण दुर्ग-भिलाई की विभिन्न स्कूलों में कराया जा चुका है। इसके अलावा भिलाई राउंड टेबल द्वारा टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण भी विभिन्न स्कूलों में कराया जा चुका है। भिलाई राउंड टेबल स्कूली बच्चों से जुड़ी ज़रूरत की चीजो का भी योगदान करता आया है। खाना खाने के बर्तन, बच्चों के जूते और मफलर, स्कूल में वाटर फिल्टर विभिन्न कार्यों में भिलाई राउंड टेबल का योगदान रहा है। गौरतलब है कि भिलाई राउंड टेबल 243 में भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के युवा उद्यमी, शिक्षाविद तथा समाजसेवी जुड़े हुए है। भिलाई राउंड टेबल द्वारा अब तक विभिन्न स्कूलों में 2 करोड़ की लागत से 48 क्लासरूम का निर्माण किया जा चुका है।

## रावत उपनामधारी यादव जाति को केंद्र के पिछड़ा वर्ग अनूसूची में शामिल करने सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** रावत उपनामधारी यादव जाति को केंद्रीय अनूसूची में पिछड़ा वर्ग अनूसूची केटेगरी में शामिल करने तथा पिछड़े वर्ग के आरक्षण लाभ के संबंध में सभी जिलों में प्रदेशव्यापी आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा गया। इस कड़ी में जिला दुर्ग में समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगनीक यादव यादव के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मंगल यादव यादव, अश्विनी यादव,ज्योति रानी यादव, यशपाल यादव, प्रीतम यादव, शिवचरण यादव, शंकर यादव, विष्णु यादव, राधेश्याम यादव, चन्द्रकान्त यादव, शैलेन्द्र यादव, प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

### नया पारा और गया नगर क्षेत्र का किया दौरा

# आयुक्त ने कचरा प्रबंधन को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ गलियों और नालियों की नियमित सफाई के आदेश

नगर पालिक निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नया पारा और गया नगर क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड 2, 3, 4, 17 और 18 सहित आसपास के क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, नालियों और तालाबों की स्थिति का निरीक्षण किया। शहर की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं और कचरा प्रबंधन को और मजबूत करने के निर्देश दिए। कई जगह नालियों के किनारे घास उग आई है और गंदगी जमा हो रही है। आयुक्त ने तत्काल सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी गलियों और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कहीं भी पानी रुका नहीं रहना चाहिए क्योंकि यह बीमारियों का कारण बन सकता है।



**तालाबों और अवैध निर्माण पर सख्ती :** आयुक्त श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा तालाब शहर की जलधरोहर हैं और इनके ऊपर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण सहन नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब पर बने सभी अवैध ढांचे तुरंत हटाए जाएं।

**ठेले और खोमचों को व्यवस्थित करने के निर्देश :** निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सड़कों पर लगे ठेले और खोमचे पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि इन्हें इस तरह लगाया जाए कि यातायात में बाधा न हो। आमजन को आने-जाने में कोई परेशानी न हो, यह निगम की जिम्मेदारी है।

**सफाई ही होगी निगम की प्राथमिकता :** आयुक्त ने कहा कि नागरिकों की सुविधा और स्वच्छ वातावरण निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने, कचरा उठाव समय पर करने और स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

**जीरो वेस्ट सेंटर का निरीक्षण :** वार्ड 17 और 18 में स्थित जीरो वेस्ट सेंटर का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गीले और सूखे कचरे का पृथक संग्रहण सख्ती से लागू हो। सभी व्यापारी और दुकानदार अपने प्रतिष्ठान पर दो अलग-अलग डस्टबिन रखें।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



02



बंगाली दुल्हन बनी नेहा ने जीता तीज क्वीन का खिताब, दिखाई देशभक्ति


**लाइव इवेंट**

## राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हें बच्चों ने किया आकर्षित, लगाया 56 भोग



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई द्वारा परमेश्वरी मंदिर प्रांगण परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में जन्माष्टमी महोत्सव पर श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकालकर कर मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया। आकर्षक सजे झूले में भगवान कृष्ण के विग्रह स्थापित कर सामूहिक पूजा की गई और भक्तों द्वारा अपने घरों से लाए हुए 56 पकवानों का भोग लगाया गया। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने बारी बारी से श्रीकृष्ण को झूला झुलाकर कृष्ण जन्मोंत्सव की खुशियां मनाई।

समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा दिया गया प्रेम, ज्ञान, भक्ति और कर्तव्य का संदेश मानवमात्र के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज के नन्हे बच्चें कृष्ण और राधा रानी बनकर पहुंचे थे जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान उनकी आरती उतार कर पूजा की और समिति द्वारा उन्हें उपहार देकर प्रोत्साहित किया। समिति के सांस्कृतिक विभाग के द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित भक्ति संगीत से पूरा परिसर कृष्ण भक्ति से झूम उठा। पूजा और आरती के बाद सभी भक्तों को 56 भोग प्रसाद का वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, टेसूराम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, राजू देवांगन, रामगोपाल देवांगन, जयश्री देवांगन, महेश्वरी देवांगन, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, मंगतूराम देवांगन, पं. शिवनारायण मिश्रा, केजा देवांगन, विनीता देवांगन, दामिनी देवांगन, अदिति देवांगन आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**सिटी इवेंट**

## सामाजिक परिवर्तन की दिशा में हुआ नशामुक्ति के खिलाफ अभियान,ओएमयू



**भिलाई।** रूंगटा इंटरनेशनल स्किल यूनिवर्सिटी ने कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और सामाजिक कल्याण की पहल पर सहयोग करने के लिए कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश शर्मा, एनएसएस विभाग के डॉ. अल्बर्ट जॉन वर्गीस और डॉ. सत्यधर्म भारती मौजूद रहे। वहीं कल्याणी संस्था के निदेशक अजय कल्याणी, आरती वर्मा कल्याणी महिला विंग प्रमुख, सरस्वती समन्वयक की मौजूदगी रही। दोनों संस्थानों ने शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समुदायों को लाभ पहुंचाने वाले संयुक्त परियोजनाओं को शुरू करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जो प्रभावशाली सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक कदम साबित होगा। नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर रूंगटा आर-1 समूह के एनएसएस स्वयंसेवकों, रेड रिबन क्लब एवं अन्य छात्रों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा हाल में किए सर्वेक्षण के बारे में जानकारी दी। बताया कि, स्कूली छात्र और महिला वर्ग भी इसकी गिरफ्त में हैं। नशे की लत में लगा व्यक्ति अपने परिवार के लोगों पर शक सुबह करते हुए घरेलू हिंसा में आमादा हो जाता है। जिससे आर्थिक स्थिति के साथ मानसिक क्लेश की भी नौबत आ जाती है। एमओयू के दौरान श्यामली सामंत, मेघावी घनघोरकर, सृष्टि आनंद, हर्षित राज, आलोक सिंह, दिशांत,इशांत, प्रियांशु दुबे, अर्नब सिंह, मो.मकसूद अली,आयुष कुमार, अभिषेक, गौरव,उत्तम, रोहित, मंजीत, आर्यन,राहुल रत्नप्रिया, भावेश,ऋचा गुणी चंद्राकर, प्रिंसी आदि मौजूद थे।

## सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने पर टीआई हुए सम्मानित



**भिलाई।** जन्माष्टमी पर दुर्ग शहर में निकली कोसरिया यादव समाज की विशाल शोभायात्रा। इस दौरान थाना कोतवाली पुलिस की व्यवस्था के बीच पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में कार्यक्रम सम्पन्न हुई। कोसरिया यादव समाज ने थाना प्रभारी तापेश्वर नेताम व उनकी टीम को इसके लिए विशेष आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी तापेश्वर नेताम को यादव समाज ने शाल से सम्मानित किया।

● सभा में डिग्रीधारी छत्तीसगढ़ियों के लिए सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता की आवाज की बुलंद

# छत्तीसगढ़ी भाखा पर मंथन : संस्कृति को बचाने शिक्षा बड़ा माध्यम, पाठ्यक्रम में शामिल करने से मिलेगी पहचान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी समाज के द्वारा सिविक सेंटर स्थित प्रगति भवन में गुनान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों और प्रखर बुद्धिजीवियों ने अपनी बातें रखी। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई। जिसके बाद छत्तीसगढ़ी समाज के जिला अध्यक्ष मनोज साहू ने संस्था के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र बंछोर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बचाने के लिए शिक्षा को माध्यम बनाना होगा, हमें उन लोगों को सहयोग करना है जिनकी भावना छत्तीसगढ़ी के लिए अच्छी हो।





### छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया शोषक वर्ग का नारा

साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने सभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि जन्म प्रमाण पत्र और जनगणना पत्रक में अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी दर्ज होना चाहिए। उन्होंने आधारभूत त्रुटियों से अवगत कराते हुए भाषा को रोजगार से भी जोड़ने की बातें कही। कलाकार व साहित्यकार पीसी लाल यादव ने छत्तीसगढ़ीया सबले बढ़िया नारे को शोषक वर्ग का नारा की संज्ञा देते हुए कहा कि मातृभाषा की उपयोगिता से मस्तिष्क का विकास होता है। छग में संस्कृति में दिखावा नहीं होना चाहिए, हमें आप अंदर झांकने की जरूरत है।

### छत्तीसगढ़ी बनेगी पाठ्यक्रम का हिस्सा

कल्याण महाविद्यालय के प्रोफेसर सुधीर शर्मा ने कहा कि राज्य निर्माण का श्रेय भले ही राजनितिज्ञों ने ले लिया, लेकिन वास्तविकता यह है कि छत्तीसगढ़ीया कलाकार और साहित्यकार नहीं होते तो हमें यह छत्तीसगढ़ नहीं मिलता। उन्होंने दाऊ रामचंद देशमुख की संस्था चंदैनी गोंदा को रेखांकित किया और कहा कि जब हम साहित्यिक रूप से खोखले हो जाएंगे तो बिना बोले लोग अपनी मातृभाषा के लिए लड़ने आएंगे, तय है कि आज नहीं तो कल सरकार को इसे पाठयक्रम का हिस्सा बनाना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व सचिव अनिल भतपहरी ने कामकाज और पाठ्यक्रम में शामिल करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया। छत्तीसगढ़ीया राज लाने के लिए भाखा छत्तीसगढ़ी के लिए एक मानक कैसे तैयार हो इस पर गंभीरता पूर्वक ठोस बातें रखी।

### कार्यक्रम में गांव के गोठ पुस्तक का हुआ विमोचन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सत्यजीत साहू ने संगठन के दायित्व और आवश्यक कदम के बारे में जानकारी दी। कहा कि हमारी लड़ाई किसी भाषा से नहीं है लेकिन क्षेत्रीय भाषाओं का संवर्धन और संरक्षण हर हाल में आवश्यक है ताकि यहां की लोक संस्कृति, परंपरा जीवंत रहे और अंतिम व्यक्ति को हर क्षेत्र में न्याय मिल सके। इस दौरान कृष्ण कन्हैया शानू बंजारे कृत छत्तीसगढ़ी मुहावरा और लोकोक्ति से संबंधित गांव के गोठ नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।



**यह रहे उपस्थित :** इस दौरान प्रमुख रूप से रायपुर आश्रम प्रमुख ऋतेश्वरानंद, मालती परगनिहा, कलाकार रजनी रजक, राजेन्द्र परगनिहा, यशवंत वर्मा, संजय देशमुख, पारस नाथ , चंद्रशेखर चंद्राकर, मनहरन टिकरिहा, राजेन्द्र रजक, डिकेन्द्र हिरवानी, नोहर सिंह गजेंद्र, राकेश हिरवानी, डी पी देशमुख, पुष्पक राज देशमुख, घनश्याम गजपाल, ढालेश साहू ,कामेश साहू, विकास हिरवानी, संदीप चौहान, संजय जंघेल, बलराम चंद्राकर,कवि गजराज, गुलाब दास मानिकपुरी, दीनबंधु साहू, पेनुक नेताम, कृष्णा, बबलू सहित कई गणमान्य और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### यह महत्वपूर्ण निर्णय हुए पारित, जानिए

सभा में प्रमुख 8 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ियों को सरकारी नौकरी में प्राथमिकता, न्यायालय बैंक सहित राज्य के सभी महत्वपूर्ण विभाग में छत्तीसगढ़ी अनुवादक रखे जाने का निर्णय लिया गया। आम जनता से निवेदन किया गया कि सरकारी कामकाज छत्तीसगढ़ी में आवेदन लिखा जाए और कार्रवाई नहीं होने पर आरटीआई भी छत्तीसगढ़ी में लगाया जाए। चिकित्सा एवं तकनीकी महाविद्यालय संस्थानों में छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम और शिक्षक रखने, मीडिया में छत्तीसगढ़ी शब्दकोश में एकरूपता हिंदी के अपभ्रंश का प्रयोग ना किया जाए और सभी विभागों में छत्तीसगढ़ी राजभाषा अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की मांग हुई। साथ ही जनगणना में मातृभाषा छत्तीसगढ़ी लिखने की योजना बनाने प्रस्ताव पारित हुआ। छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के लिए सम्मानजनक बजट 5 करोड़ प्रस्तावित किए जाने का निर्णय भी लिया गया। कार्यक्रम का संचालन केशव साहू ने किया।

## डेढ़ सौ बच्चों का योग्यता के आधार पर हुआ बेल्ट प्रमोट, मिली गेटिंग

**भिलाई।** जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग द्वारा पदुम नगर भिलाई 3 स्कूल में बेल्ट ग्रेडिंग रखा गया। जिसमें जिले भर से लगभग 150 से भी अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों के योग्यता के आधार पर उनका बेल्ट प्रमोट हुआ। बेल्ट ग्रेडिंग के मुख्य एग्जामिनर छग राज्य ताइक्वांडो राष्ट्रीय रेफरी व जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव राकेश पुरी गोस्वामी और राज्य रेफरी अनिल कुमार देवांगन उपस्थित थे।

राकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि यलो बेल्ट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी युक्त दुबे, अन्य गोस्वामी, योजल देवगन, चित्रांश तिवारी, भाव भाव्य चंद्राकर, सुयश ठाकुर, भूमिका साहू, दीसिता साहू, जस्वी सिंन्हा, दुर्गेश मानिकपुरी, अव्यय श्रीवास्तव, ग्रीन बेल्ट में सिमरप्रीत कौर, जिज्ञासा ठाकुर, अभिजीत दुबे, शिविका साहू, वैभव साहू, दिव्यांश सिंन्हा, ओम्या जांघेल, दिव्यांश जांघेल, ग्रीन वन बेल्ट में रूपेश कुमार देवांगन, इशिका कुमारी मेहरा, ब्लू बेल्ट में आरव वर्मा, वाणी नेता, नताशा वर्मा, ए यशवंत शर्मा, ए यशस्विनी, रियांशी देवागन, ब्लू वन में शिवाय साहू, रूद्र परधनिया, ओजस्विनी परघनिया, पूरन कौर सोहल, प्रियंका महिपाल, लक्ष्य बिसेन, नव्या साहू, नायसा साहू, प्रखर पटेल, पीहू यादव, समृद्ध ताम्रकार, प्रत्यक्ष यदु, देसी देशमुख, सौम्या केवरिया रहे। रेड बेल्ट तन्मय साहू को मिला। रेड वन में वैष्णवी शर्मा, हर्षित शर्मा, मंजू, नम्रता मरावी, आयुष चौधरी को दिया गया। इन सभी बेल्ट प्राप्त किये बच्चों को दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, जिला ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष अविनाश प्रताप सिंह, राजेश कुमार वर्मा, धन सिंह चंद्राकर ने सभी को शुभकामनाएं दी।



## जरुरतमंद बच्चों को कर्नल अक्षय ने दी छात्रवृत्ति, गढ़ेंगे भविष्य



**दुर्ग।** रानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला के बच्चों द्वारा आजादी का जश्न मनाया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई।

कर्नल अक्षय नाशिककर द्वारा जरूरतमंद बच्चों को भेजी गई छात्रवृत्ति उनकी माता शोभा नाशिककर द्वारा प्रदान की गई। शाला के बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। पदाधिकारियों द्वारा महापुरुषों से संबंधित जानकारी बच्चों को दी गई। इस अवसर पर शाला की अध्यक्ष मंगला तापस, उपाध्यक्ष शोभा नाशिक, सचिव रत्नप्रभा पाटणकर, कोषाध्यक्ष शुभद्रा पाटणकर, प्राचार्या रीना यादव, गीता बैंडे, भावना जोशी सहित शाला के सभी स्टाफ और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में संकुल स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन**

# विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी पहचान, संगीत नृत्य, नाटक में दिया एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में संकुल स्तरीय राष्ट्रीय एकता पर्व और एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से विषय-विशेषज्ञ निर्णायक मंडल के रूप में आमंत्रित किए गए।



### नई पीढ़ी नए भारत का निर्माण करेगी



इस दौरान मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत हमें हमारी विविध कलाओं, परंपराओं और विरासत से जोड़ता है। परंपरा तभी सार्थक होती है जब वह नई पीढ़ी तक पहुँचकर उनके जीवन का हिस्सा बने। यही नई पीढ़ी नए भारत का निर्माण करेगी और जब हम विविधता में एकता खोजते हैं तो सशक्त भारत की दिशा में आगे बढ़ते हैं। उमाशंकर मिश्र ने कहा कि भारत की संस्कृति एक विराट और विशाल संस्कृति है। कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से अरुणाचल तक इसकी विविधता इसकी सबसे बड़ी पहचान है। इस विविधता को आत्मसात करने के लिए राष्ट्रीय एकता पर्व का आयोजन किया जाता है। कला उत्सव 2025 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संगीत, नृत्य, नाटक, दृश्य कला और पारंपरिक कहानी वाचन की विविध विधाओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं ने भारत की बहुरंगी संस्कृति को जीवंत किया और विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर दिया।

### स्पर्धा के विजेता हुए सम्मानित

प्रतियोगिताओं में संगीत वर्ग का मूल्यांकन इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के डॉ. ईशान दुबे और अंकित जयसवाल, डॉ. अभिषेक सिंह ने किया। वादन प्रतियोगिता में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के डॉ. पुनीत पटेल, महेंद्र मोंगरे और स्वतंत्र कलाकार रवि मालवीय, नृत्य प्रतियोगिता में डॉ. शुभी भंडारी, मानसी सिक्केवाल और अनुपमा तिवारी, चित्रकला में आंचला सिंह, मनीष ताम्रकार और शांतनु मिश्रा, थिएटर और कहानी वाचन वर्ग में इप्टा के चित्रांश श्रीवास्तव और नरेन्द्र पटनारे और अमित सिंह चौहान निर्णायक रहे। कार्यक्रम में पुष्पा बड़ा, धर्मेन्द्र यादव, डॉ. श्रावणी सिंह, रचना पाल, टी.एल. साहू, संजीव भदौरिया, एम. के. बोरकर, मनोज भारद्वाज, एम. ए. नन्दनवार, संजय चतुर्वेदी, पुरुषोत्तम साहू, कमल सोनी, आशुतोष सिंह, उषा शर्मा, डॉ. अजय आर्य, बिंदु शिव राजन, तरुणा संकरी, संजू कुमारी, रेशू काकरान, उर्वशी, मेघा यादव, मोनिका, वसुधा तिवारी,फरहा हलीम, बिंदु साहू , मोनिका श्रीवास्तव, उषा रानी , शहनाज और महेंद्र की सक्रिय भूमिका रही।

## सिटी इवेंट

### गौ भक्तों ने की सेवा, फल, गुड़, चना और चारा खिलाकर सेवा का लिया संकल्प



**भिलाई।** कृष्ण गौशाला जीव रक्षा केंद्र ग्राम छतागढ़ में गौ माता की पूजा कर सेवा की गई। इस अवसर पर अशोक पहाड़िया, प्रदीप जैन बाकलीवाल, भारत जैन, प्रेमलता जैन, राज, श्वेता जैन, मुकेश जैन सहित अन्य गौ सेवकों ने गौ माता और श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। जिसके बाद कसाई खाने से बचाई हुई गायों को फल, गुड़, चना और चारा अपने हाथों से खिलाते हुए गौ सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर बीमार गायों और घायल पशुओं के लिए स्व दीपचंद जैन की स्मृति में उनके पुत्र भारत जैन ने 2100 का सहयोग राशि गौशाला को प्रदान किया।

## समाज इवेंट

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, हुई प्रतियोगिताएं



**दुर्ग।** शहर ब्लॉक देवांगन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुराणिक देवांगन के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया। जिसमें अध्यक्ष राकेश देवांगन, सचिव दुष्यंत देवांगन, कोषाध्यक्ष भूषण देवांगन सहित समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद दुर्ग शहर ब्लॉक महिला देवांगन समाज के द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार, दुर्ग जिला महिला देवांगन समाज अध्यक्ष कीर्ति देवांगन, एमआईसी मेंबर लीना दिनेश देवांगन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और पुरस्कार प्राप्त किया तीज क़्वीन सरस्वती देवांगन चुनी गई। कार्यक्रम की प्रभारी हेमा देवांगन और ममता देवांगन, सुनीता देवांगन, खिलेश्वरी देवांगन, रिंकी देवांगन द्वारा कार्यक्रम को सुचारु ढंग से आगे बढ़ाया। मंच संचालन कीर्ति देवांगन और सरस्वती देवांगन ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से धनुष देवांगन, राजेंद्र लिमजे, मेघलाल देवांगन, अलख राम देवांगन, सोहन देवांगन, भेदुराम देवांगन, मनोज देवांगन, दीपक देवांगन, हरि प्रसाद देवांगन, अरुण देवांगन, आशीष देवांगन, अश्वनी देवांगन, ईश्वरी देवांगन, पद्मिनी देवांगन, नीलू देवांगन, संतोषी देवांगन, प्रेमलता देवांगन, दीपिका देवांगन, परदेशी देवांगन, हेमंत देवांगन, ईश्वरी प्रसाद देवांगन आदि उपस्थित थे।



## सिटी लाइव

### शतरंज में छत्तीसगढ़ का बढ़ा वर्चस्व, 6 सौ खिलाड़ियों को पछाड़कर आनंद बने विजेता




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के आनंद रॉय ने नागपुर में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में पूरे भारत के 6 सौ से अधिक शतरंज खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी के विजेता बने। उन्हें 50 हजार रुपये नगद भी दिया गया। नागपुर में 15 से 17 अगस्त तक आयोजित पांचवें नागपुर बिलो 1700 फीडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल समेत पूरे भारत से 600 से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजन में छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी आनंद रॉय ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। आनंद ने 8 अंक अर्जित कर आगे रहे और 50,000 रुपये की नगद राशि व विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। यह उपलब्धि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण है।

**छत्तीसगढ़ के अन्य खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन:** प्रतियोगिता में बालक अंडर–19 वर्ग मयंक सोनारे 8वें स्थान पर 8 हजार पुरस्कार राशि, नौवें स्थान पर दीपक साहू 7 हजार रु, वरिष्ठ 61 प्लस राव पी.एन. को साढ़े चार हजार रुपये, संस्कार कश्यप 17वें स्थान पर दो हजार रुपये, सर्वश्रेष्ठ अनरेटेड अंडर–17 वर्ग में शिवांश शुक्ला तीन हजार, सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ 60 प्लस सास्त्री पी.एल. तीन हजार, सर्वश्रेष्ठ अंडर–19 वर्ग आयुष दत्ता, सर्वश्रेष्ठ अंडर–17 वर्ग यश सिंह, बोटुकु पूजन, आदित्य जैन, सर्वश्रेष्ठ अंडर–15 वर्ग ईशान सैनी, विवान रॉय, सर्वश्रेष्ठ अंडर–11 वर्ग शिल्प कुमार घोड़ेश्वर, सर्वश्रेष्ठ अंडर 9 बालिका वर्ग अनिका रेड्डी गोलूगुरी, सर्वश्रेष्ठ अंडर 7 बालिका वर्ग आमंदी साई विनर रही। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अपनी छाप छोड़ रहे हैं। युवा खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन आने वाले समय में राज्य को और भी बड़े खिताब दिलाएगा। टीम चेस सिटी रायपुर और छत्तीसगढ़ शतरंज टीम विजेता खिलाड़ियों, उनके कोच और अभिभावकों को बधाई दी है।

---

**साईं झूलेलाल के भजनों और नाम धुन का गायन कर भक्त हुए सराबोर**

# 40 दिनों तक बहिराणे साहिब की आरती और अरदास कर किया विसर्जन, इष्ट देव को प्रसन्न करने पारंपरिक छेज नृत्य

**भिलाई।** साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आदर्श सिंध ब्रादर मंडल हाउसिंग बोर्ड भिलाई एवं साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार चालीहा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें लगातार 40 दिनों तक धूमधाम के साथ यह महोत्सव मनाया गया। जिसके अंतिम दिन महाआरती कर साईं झूलेलाल के बहिराणे साहिब ( विशेष कलश स्थापित) की बिदाई देते हुए बैकुंठ धाम तालाब में किया विसर्जन किया गया। इस दौरान समाज के सदस्यों ने विश्व आरोग्य और वैश्विक कल्याण की प्रार्थना कर एकजुट रहने की शपथ ली। इस अवसर सिंधी समाज के श्रद्धालुओं ने पारंपरिक छेज नृत्य कर अपने इष्ट देव को प्रसन्न किया। 40वें महोत्सव के समापन कार्यक्रम की शुरुआत में साईं झूलेलाल की आरती, पल्लव गायन कर अखो पाया गया। साईं झूलेलाल के भजनों और नाम धुन का गायन कर सभी भक्त भक्ति रस से सराबोर हुए। जिसके बाद समाज ने विश्व आरोग्य और वैश्विक कल्याण की प्रार्थना की।



### 40 दिनों तक किया था कड़ा जप और तप



40 दिन इस महोत्सव को मनाने के पीछे मान्यता यह है कि सिंध में क्रूर शासक मीरखशाह द्वारा आम जनता के ऊपर बहुत अत्याचार किए जाते थे। उसके अत्याचारों से मुक्ति के लिए सिंधी समाज ने सिंधु नदी के सामने 40 दिन तक कड़ा जप और तप करके उनकी आराधना की तब उन्होंने झूलेलाल का अवतार लेकर सभी की रक्षा की।

### बहिराणे साहिब की स्थापना कर की पूजा



8 जुलाई से शुरु हुए इस महोत्सव का समापन रविवार को सुबह 9 बजे बहिराणे साहेब की स्थापना से हुई। बहिराणे साहिब की स्थापना पौराणिक परंपरा के अनुरूप आटे को घी के साथ गूंथकर उसमें लौंग और इलायची से श्रृंगार कर ऊपर में रूप से मिश्री रखकर स्थापित किया गया। मान्यता है कि प्रकृति के स्वामी जल देवता की इस रूप में स्थापना करके विसर्जन करने पर झूलेलाल की सवारी मछलियां आटे को भोजन के रूप में ग्रहण करती है और मिश्री से जल मीठा हो जाता है। इलायची और लौंग को ग्रहण करने पर जलीय जीव जंतु स्वस्थ रहेंगे और जल और थल दोनों सुवासित होंगे।

### एकजुट रहने दिलाई शपथ

समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी ने उपस्थित सभी सदस्यों को एकजुट रहने शपथ भी दिलाई। शाम के कार्यक्रम में महाआरती का आयोजन समाज की ओर से किया गया था। जिसमें सभी सदस्यों द्वारा अपने-अपने घर से सजाकर लाई गई थालियों से साईं झूलेलाल का अखो पाकर (अक्षत से संकल्प लेकर) आरती, पल्लव और अरदास किया गया। जिसके बाद बहिराणे साहिब का विसर्जन बैकुंठ धाम तालाब में किया गया। स्थानीय जनता को कड़ाह प्रसाद हलुवा और सेसा बरबट्टी के बीजा का वितरण किया गया।

### इन्होंने की पूजा

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, उपाध्यक्ष सुभाष भगत, सुरेश जीवनानी, भारतीय सिंधु सभा भिलाई अध्यक्ष सुरेश नागदेव, महासचिव अनिल थारवानी, कार्यकारिणी प्रकाश थारवानी, महिला मंडली अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव, वंदना कृष्णानी, लता गंगवानी, अंजली कृष्णानी, माया रोहरा, अलका थारवानी, सुमन थारवानी, निकिता लालवानी, हर्षा नागदेव, लता मेहरचंदानी, निर्मला कृष्णानी, पूजा आसनानी, पिंकी थारानी, श्रेया थारवानी, माया थारानी, कमला भगत, कविता डिंगा सहित सभी सामाजिक लोग उपस्थित थे।

---

## तीज मिलन समारोह

### बंगाली दुल्हन बनी नेहा ने जीता तीज क्वीन का खिताब, दिखाई देशभक्ति




**दुर्ग।** सरयूपारिण महिला ब्राह्मण समाज के तीज मिलन में जमकर खुशियां बिखरी। जलाराम सांस्कृतिक भवन सिविल लाईन में आयोजित रंगारंग तीज मिलन में देशभक्ति गीत-संगीत, तीज क्वीन के अलावा अन्य रोचक प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहें। तीज क्वीन प्रतियोगिता में महिलाएं विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए पारंपरिक वेशभूषा धारण कर शामिल हुई। बंगाली दुल्हन बनी नेहा तिवारी ने तीज क्वीन का खिताब जीता, जबकि मराठी दुल्हन बनी संगीता दीवान ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य रोचक प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा साबित की। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष संगीता शर्मा के नेतृत्व में आयोजित तीज मिलन समारोह की शुरूवात तीज के श्रृंगार से सुसज्जित महिलाओं द्वारा भगवान शंकर व माता पार्वती की पूजा अर्चना कर की गई। मंच संचालन अपर्णा तिवारी एवं आभार प्रदर्शन सचिव किरण मिश्रा ने किया। तीज मिलन समारोह में संरक्षक भारती दुबे, उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा, कोषाध्यक्ष तनु मिश्रा, ममता तिवारी, रानी उपाध्याय, विशेष सलाहकार शीला चौबे, वरिष्ठ सदस्य शकुंतला शर्मा के अलावा भिलाई और रायपुर की महिला सदस्यों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

**सरयूपारिण महिला ब्राह्मण समाज के तीज मिलन में बिखरी खुशियां**

---

**मुक्तकंठ साहित्य समिति में नए सदस्य नियुक्त**

### पांच नए पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी, सौंपा नियुक्ति पत्र



**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति में नए सदस्यों को नियुक्त किया गया। समिति को अधिक सक्रियता प्रदान करने के लिए पांच नये पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई। मुक्तकंठ साहित्य समिति के मीडिया प्रभारी जावेद हसन ने बताया कि नए पदाधिकारियों में संतोष कुमार जाटव को उप कोषाध्यक्ष, ब्रजेश मल्लिक उप सचिव, कार्यक्रम संयोजक शंकर भट्टाचार्य, महिला संयोजक सोनिया सोनी, नव नियुक्त इन पांचों पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ तथा श्रीफल भेंट करते हुए समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल और महासचिव नरेंद्र कुमार सिक्केवाल ने नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमोद पटले रायपुर, डॉ रौनक जमाल, श्यामल राय, उपाध्यक्ष शीशलता शालू, कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र मंडल, गजानन साहू, पंडित वासुदेव भट्टाचार्य, मंजुलता शर्मा, पुरुषोत्तम साहू, अर्जुन मंडल, सूरज मंगला, अतवीर सिंह, राकेश कुमार गुप्ता सहित गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**पांचों पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ तथा श्रीफल भेंट करते नियुक्ति पत्र सौंपा**

---

**ब्रह्माकुमारीज केलाबाड़ी दुर्ग में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन**

कार्नर न्यूज

# 16 कलाओं में पूर्ण कृष्ण की लीलाओं के संग किया महारास कारागार में हुए कृष्ण जन्म का बताया आध्यात्मिक रहस्य

**दुर्ग।** सभी मनुष्य आत्माएं काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार रुपी पांच विचारों के कारागार में है। निराकार परमात्मा शिव सभी मनुष्य आत्माओं को यह ज्ञान देते हैं कि आप सभी देह नहीं आत्मा हैं और आत्माओं को जब यह स्मृति आती है मैं देह नहीं आत्मा हूं और ऐसा समझ जब व्यवहार करते हैं तब सभी बुराईयां खुद ही दूर होने लगती है सर्वगुण संपन्न बन जाते हैं तभी नवीन सृष्टि सतयुग का उद्भव होता है। यह गूढ़ बातें ब्रम्हकुमारी रुपाली बहन ने कारागार में हुए कृष्ण जन्म का आध्यात्मिक रहस्य बताते कही। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजऋषि भवन केलाबाड़ी दुर्ग में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर युक्ति और मौसमी ने कृष्ण का रुप धारण कर और चंद्राणी और जागृति ने राधा का रुप धारण कर महारास किया। शिखा और कुंजल भी बाल कृष्ण का रुप धारण किये हुए थे।





### 16 कलाओं में पूर्ण कृष्ण लीला

कृष्ण जन्माष्टमी और कृष्ण संग गोपियों की महारास का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्रह्माकुमारी रुपाली ने बताया कि कृष्ण सर्वगुण संपन्न, 16 कलाओं में पूर्ण, संपूर्ण निर्विकारी, मर्यादा पुरुषोत्तम देवता है। जिनका जन्म मध्य रात्रि में कारागार में दिखाया जाता है। इस सृष्टि पर अनेक मनुष्य आत्माएं हैं जो भिन्न-भिन्न नाम और रूप धारण कर अपना-अपना पार्ट निभा रहें हैं। निराकार परमपिता परमात्मा शिव जो कि कलयुग के अंत और सतयुग के आदि पुरुषोत्तम संगमयुग पर सर्व मनुष्य आत्माओं को सर्वगुण संपन्न बनने की शिक्षा दे रहें है वह स्वयं से योग लगाकर सभी विकारों से मुक्त होने की विधि सिखाते हैं। वैसे तो सृष्टि पर सभी मनुष्य आत्माओं के अच्छे व बुरे भिन्न-भिन्न संस्कार है किंतु निराकार परमात्मा यह सिखाते है सभी मनुष्य आत्माएं अपना रोल निभा रहे है। जो मनुष्य आत्माएं भिन्न-भिन्न संस्कारों के वशीभूत आत्माओं के साथ प्रेम व सद्भाव पूर्ण व्यवहार करते हैं इसी को संस्कार मिलन का महारास कहा जाता है। जब हम इस समय ऐसे अपना पार्ट निभाने का अभ्यास करते हो तो आने वाली नई सृष्टि सतयुग में सुख और शांतिमय जीवन के अधिकारी बनते हैं।

### हर परिस्थिति में मक्खन की तरह हल्के बने रहे

कृष्ण सर्प को अधीन कर उसके ऊपर नृत्य करते हैं उसका रहस्य बताते हुए कहा कि आत्माओं में जो विकार है वही सांपों की भांति है। जब हम इसे परमात्मा की याद से अपने अधीन बना लेते हैं तब यह हमारी शैया बना जाती है। कृष्ण के मुख में मक्खन दिखाते हैं मक्खन हल्का होता है तो किसी भी परिस्थिति में हम स्वयं हल्के रहें। विभिन्न पर्व में अनेक झांकियां लगाई जाती है किंतु अब हमें स्वयं के अंदर झांक कर अपनी बुराइयों को समाप्त कर सद्गुणों को धारण करना है।

ज्योतिष

## बुध बनाएंगे 'भद्र महापुरुष राजयोग', इनका चमक सकता है भाग्य



वैदिक ज्योतिष अनुसार हर ग्रह अपनी स्वराशि और उच्च राशि में संचरण करके राजयोग का निर्माण करता है। जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। यहां हम बात करने जा रहे हैं भद्र महापुरुष राजयोग के बारे में, जिसका निर्माण बुध ग्रह करते हैं। आपको बता दें कि व्यापार के दाता बुध ग्रह सितंबर में बुध ग्रह अपनी स्वराशि कन्या में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिससे भद्र महापुरुष राजयोग बनेगा। जिससे कुछ राशियों का गोल्डन टाइम शुरू हो सकता है। साथ ही कारोबार में लाभ और नई नौकरी के योग बन रहे हैं।

### मिथुन राशि

भद्र राजयोग का बनना मिथुन राशि के जातकों को लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। बुध ग्रह आपकी गोचर कुंडली से भौतिक सुख स्थान पर संचरण करेंगे। इसलिए इस दौरान आपको भौतिक सुख प्राप्त हो सकते हैं। आपकी कई योजनाएं पूरी होंगी। आप कोई वाहन और प्रापर्टी खरीद सकते हैं। इसके अलावा निजी संबंधों को लेकर आप संतुष्ट होंगे।

### सिंह राशि

सिंह राशि के जातकों पर बुध ग्रह राशि से दूसरे भाव पर संचरण। आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ के योग बनेंगे। आपके कम्युनिकेशन में सुधार होगा, लोग इंप्रेस होंगे। पैसे कमाने के नए तरीके खोजने के प्रयास सफल होंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। साथ ही इस दौरान आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं।

### मकर राशि

आप लोगों के लिए यह राजयोग आपकी राशि से भाग्य स्थान पर बनने जा रहा है। इस समय आपको किस्मत का साथ मिलेगा। किसी धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। उच्च शिक्षा, आध्यात्मिक विकास और लंबी यात्राओं के लिए अनुकूल है। विदेशी संपर्कों या यात्राओं से लाभ मिल सकता है। धन आगमन के नए मार्ग बनेंगे।

## 23 अगस्त को शुक्र करेंगे मित्र शनि के नक्षत्र में प्रवेश, धनलाभ के योग



वैदिक ज्योतिष में कुछ ग्रह में मित्रता और शत्रुता का भाव होता है। आपको बता दें कि धन के दाता शुक्र ग्रह अपने मित्र ग्रह शनि के नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। आपको बता दें कि शुक्र देव 23 अगस्त को पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिससे कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही इन राशियों को आकस्मिक धनलाभ के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं।

### तुला राशि

शुक्र ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन आप लोगों को कर्म के सिद्ध से शुभफलदायी सिद्ध हो सकता है। शुक्र ग्रह आपकी गोचर कुंडली के कर्म स्थान पर भ्रमण करेंगे। इस दौरान आपको काम- कारोबार में अच्छी सफलता मिल सकती है। नौकरीपेशा जातकों को ऑफिस के खर्चे पर लंबी दूरी की यात्रा करने का मौका मिलेगा। पैसे कमाने के नए तरीके खोजने के प्रयास कारोबारियों के सफल होंगे।

### मिथुन राशि

शुक्र ग्रह आपकी गोचर कुंडली के धन भाव पर संचरण करने जा रहे हैं। आपकी आय़ में वृद्धि हो सकती है। कारोबारियों को उधार धन मिल सकता है। साथ ही इस अवधि में आपके कम्युनिकेशन में सुधार होगा। जिससे लोग इंप्रेस होंगे। वहीं आपकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

### कन्या राशि

शुक्र ग्रह आपकी राशि से 11वें स्थान पर संचरण कर रहे हैं। इस समय आपकी आय में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही आय के नए- नए स्त्रोत बन सकते हैं। सामाजिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ेगी। वहीं निवेश से लाभ के योग बन रहे हैं। व्यापारी वर्ग कोई बड़ी डील कर सकते हैं, जिससे भविष्य में लाभ होगा।

डॉक्टरों की सलाह से ही लें एंटी बायोटिक की गोलियां

# मौसमी बीमारी... डॉक्टर की सलाह पर ही लें मेडिसिन, वरना उठाना पड़ेगा भारी नुकसान

इन दिनों मौसमी बीमारियों का प्रकोप चल रहा है। औसतन हर दूसरे घर में वायरस के हमले से कोई न कोई बीमार पड़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा शिकार बच्चे व बुजुर्ग हो रहे हैं। ऐसे में ज्यादातर लोग स्व चिकित्सा (सेल्फ मेडिकेशन) कर रहे हैं। साथ में सोने पे सुहागा यह है कि ज्यादातर मेडिकल स्टोर के फार्मासिस्ट खुद ही डॉक्टर बनकर दवा लेने आने वालों को गैर जरूरी सलाह देकर दवा दे रहे हैं।



### दुकानदार दे रहे अपनी-अपनी समझ से दवाइयां

डॉक्टर की सलाह के बिना दुकानों से दवाइयां लेने वालों को दुकानदार हर किसी को एंटी बायोटिक दवाएं दे रहे हैं, जो खतरनाक साबित हो रहा है। बिना डॉक्टरी सलाह ज्यादा एंटी बायोटिक दवाओं का सेवन सही नहीं होता है और एक समय के बाद ये दवाएं असर करना बंद कर देती हैं।

### विशेषज्ञ की सलाह

इस संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि बीमारियों में लगातार एंटी बायोटिक दवाओं का सेवन करना गलत है। कुछ भी बीमारी हो मेडिकल स्टोर के संचालक हर बार एंटी बायोटिक दवा दे देते हैं। एक तरह से यह मरीज के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के बराबर है। इसी तरह सेल्फ मेडिकेशन और मेडिकल स्टोर के संचालकों द्वारा दवा देना पूरी तरह से गलत है।

### झोलाछाप डॉक्टरों से बचें

इन सबके बीच सेल्फ मेडिकेशन की प्रवृत्ति उसके बाद मेडिकल स्टोर के संचालक का झोलाछाप बनकर दवाएं देना कई बार घातक साबित होता है, इसी वजह से डाक्टर भी कहते हैं कि सेल्फ मेडिकेशन और दवा बेचने की लालच में मेडिकल स्टोर द्वारा कुछ भी दवाएं दे देना पूरी तरह से गलत है।

### क्यों नहीं लेनी चाहिए ज्यादा एंटी बायोटिक दवाएं

ज्यादा एंटी बायोटिक दवाएं नहीं लेनी चाहिए। क्योंकि इससे एंटी बायोटिक प्रतिरोध विकसित हो सकता है। इससे भविष्य में संक्रमणों का इलाज करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, एंटी बायोटिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग से अन्य दुष्प्रभाव जैसे पेट खराब होना, दस्त, और एलर्जी आदि भी हो सकते हैं।

### एक बार की पर्ची हर बार काम नहीं आती

यह भी देखने को मिला है कि लोग किसी बीमारी को लेकर डाक्टर को दिखाते हैं और डाक्टर उन्हें दवा देते हैं। ठीक इसी तरह कुछ समय बाद बीमार होने पर और उसी तरह के लक्षण होने पर फिर से उसी पर्ची के हिसाब से दवा ले लेते हैं, जो गलत है। क्योंकि कई तरह के वायरस हमला करते हैं, जिनके लक्षण वैसे ही होते हैं।



## कंप्यूटर पर घंटों काम करने के कारण तेजी से बढ़ रही फ्रोजन शोल्डर की समस्या

### गंभीर बीमारी से बचाव के आसान तरीके

आज के डिजिटल दौर में कंप्यूटर और लैपटॉप के सामने बैठकर काम करना आम बात हो गई है, लेकिन लंबे समय तक एक ही पोज़ीशन में बैठने से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं जन्म ले रही हैं। हाल ही में डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि ऑफिस वर्क करने वाले युवा और खासकर महिलाएं फ्रोजन शोल्डर यानी कंधों के जाम होने की समस्या का तेजी से शिकार हो रही हैं। यह समस्या न केवल आपके कंधों बल्कि गर्दन, कमर और रीढ़ की हड्डी को भी प्रभावित कर सकती है। आइए जानते हैं इस दर्द के कारण, लक्षण और बचाव के तरीके।

### कामकाजी महिलाओं में ज्यादा समस्या



कामकाजी महिलाओं और ऑफिस में लंबे समय तक बैठकर काम करने वाले युवाओं में फ्रोजन शोल्डर और शोल्डर पेन के मामले बढ़ रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि कई घंटे तक कंप्यूटर या लैपटॉप के सामने बैठकर काम करना, मोबाइल पर लगातार नजरें गड़ाए रखना और शारीरिक गतिविधियों में कमी इसके मुख्य कारण हैं।

### फ्रोजन शोल्डर क्या है, विशेषज्ञों की सलाह

फ्रोजन शोल्डर वह स्थिति है जिसमें कंधों की मांसपेशियां जकड़ जाती हैं और उनमें दर्द व सूजन होने लगती है। शुरुआत में यह परेशानी हल्की लगती है, लेकिन अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह गंभीर हो सकती है। विशेषज्ञ की सलाह- फ्रोजन शोल्डर के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें। समय पर फिजियोथेरेपी और हल्के व्यायाम से काफी हद तक आराम पाया जा सकता है।

### महिलाएं ज्यादा प्रभावित क्यों?

इस समस्या के बारे में आर्थोपेडिक विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं में मोटापा, गर्दन-कंधों पर बढ़ती चर्बी और फिजिकल एक्टिविटी की कमी के कारण मांसपेशियां जल्दी कमजोर हो जाती हैं। कई महिलाएं तो पीठ तक हाथ नहीं ले जा पातीं, जिससे बालों में कंघी करना, कपड़े पहनना या हल्का सामान उठाना भी मुश्किल हो जाता है।



## एक बार खाओगे महाराष्ट्र की कोथिंबीर वडी तो भूल जाओगे छोले भटूरे का स्वाद

### नाश्ते के लिए है परफेक्ट रेसिपी, नोट करें विधि

मसालेदार और स्वादिष्ट कोथिंबीर वडी महाराष्ट्र का एक मशहूर स्नैक है, वाकई में लाजवाब होती है। इसे बनाना भी बहुत आसान है। अगर आप भी छोले भटूरे और मोमोज से हटकर कुछ नया और हेल्दी ट्राई करना चाहते हैं, तो कोथिंबीर वडी की ये रेसिपी ज़रूर नोट कर लें।



### कोथिंबीर वडी बनाने की सामग्री:

हरा धनिया (कोथिंबीर): 1 बड़ा गुच्छा, बेसनः 1 कप, चावल का आटाः 2 बड़े चम्मच , अदरक-लहसुन पेस्टः 1 चम्मच, हरी मिर्चः 2-3, हल्दी पाउडरः 1/2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडरः 1/2 चम्मच, धनिया पाउडरः 1/2 चम्मच, जीरा पाउडरः 1/2 चम्मच, सफेद तिलः 1 चम्मच, नमकः स्वाद अनुसार, तेल तलने के लिए।

### कोथिंबीर वडी बनाने की विधिः

सबसे पहले हरे धनिये को अच्छी तरह धोकर बारीक काट लें। अब एक बड़े बर्तन में कटा हुआ हरा धनिया, बेसन, चावल का आटा, अदरक-लहसुन पेस्ट, हरी मिर्च, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, सफेद तिल और नमक डालें। इन सभी सामग्री को अच्छे से मिला लें। मिश्रण में थोड़ा-थोड़ा पानी मिलाकर सख्त आटा गूंथ लें। ध्यान रखें कि पानी बहुत ज़्यादा न डालें, क्योंकि धनिया भी अपना पानी छोड़ती है।

### आटे को बराबर बांटकर गोल रोल करें

अब आटे को 2-3 बराबर भागों में बांट लें और उन्हें बेलन के आकार में रोल कर लें। एक स्टीमर या इडली मेकर में पानी गरम करें।

इन रोल्स को जाली वाली प्लेट पर रखकर 15-20 मिनट के लिए स्टीम करें। जब रोल ठंडे हो जाएं तो उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। एक कड़ाही में तेल गरम करें। इन टुकड़ों को मीडियम आंच पर सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें। आपकी गरमागरम और स्वादिष्ट कोथिंबीर वडी तैयार है! इसे हरी चटनी या सॉस के साथ परोसें।

## देखते ही मुंह में आ जाएगा पानी, बनाकर खाएं बेड़मी पूरी और आलू की सब्जी

मथुरा वृंदावन के हर गली मोहल्ले में आपको बेड़मी पूरी और आलू की सब्जी खाने को मिल जाएंगी। ज्यादातर छोटे शहरों में बेड़मी पूरी का नाश्ता मिल जाता है। अगर आप नॉर्मल पूरी सब्जी खाकर बोर हो गए हैं तो एक बार बेड़मी पूरी और आलू की सब्जी ट्राई करें। नॉर्मल गेहूं के आटे में दाल मिक्स करके बेडमी पूरी बनाई जा सकती हैं। अगर आप सिंपल तरीके से बेड़मी पूरी बनाना चाहते हैं तो हम आपके लिए एकदम सिंपल तरीका लाए हैं जिससे एकदम करारी और खस्ता बेड़मी पूरी और हलवाई जैसी आलू की सब्जी बनकर तैयार होगी।

### बेड़मी पूरी की रेसिपी

**पहला तरीका-** बाजार में दाल वाली बेड़मी पूरी मिलती है। 1 कप उड़द की दाल को भिगो दें और फिर लहसुन, अदरक और हरी मिर्च डालकर पीस लें। इसे आटे में गूंथ लें और आटे में नमक, 2 चम्मच तेल, जीरा और थोड़ी अजवाइन डाल दें। पूरी का आटा तैयार कर लें और इससे बेड़मी पूरी सेंक लें।

**दूसरा तरीका-** अगर आप बिना दाल के बना रहे हैं तो 1 कप गेहूं का आटा, आधा कप बेसन, 2 बड़े चम्मच सूजी, 1 बड़ा चम्मच तेल, बरीक कटा



हरा धनिया, थोड़ी कसूरी मेथी, अजवाइन और जीरा, नमक डालकर आटा गूंथ लें। अब इस आटे से बेडमी पूरी बनाकर सर्व करें।

### आलू की हलवाई स्टाइल सब्जी

**पहला स्टेप-** आलू को उबालकर छीलकर हाथ से मसल लें। आलू को मैथ करते वक्त कुछ टुकड़े छोड़ें बाकी सारे मैश कर दें। अब कड़ाही में थोड़ा तेल डाल, जीरा और हींग डालें। बारीक कटा एक प्याज और हरी मिर्च डालें। अब सारे सूखे मसाले जिसमें हल्दी, नमक, धनिया पाउडर, लाल मिर्च, गरम मसाला तेल में डाल दें। थोड़ा पानी डालकर पकाएं और फिर मैश किए आलू मिला दें।

**दूसरा स्टेप-** सब्जी में अपने हिसाब से पानी डालें और मीडियम फ्लेम पर पकने दें। जब सब्जी बनकर तैयार हो जाए तो इसमें आमचूर पाउडर, काली मिर्च पाउडर डाल दें।

कार्नर न्यूज

कानों में बढ़ सकता है संक्रमण का भी खतरा

# सावधान! बहरा बना सकता है ईयरबड्स इंफेक्शन और तेज वॉल्यूम से संक्रमण होना तय

आज के समय में मोबाइल फोन होना लोगों की जरूरत बन गया है। वहीं अगर मोबाइल है तो ईयरबड्स भी अब लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनते जा रहे हैं। जिस तरह से लोगों का मोबाइल के बिना जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है उसी प्रकार अब ईयरबड्स भी जरूरत बनता जा रहा है। लेकिन हम यह नहीं जानते कि यह शौक हमारे लिए कितना खतरनाक हो सकता है।



### बाजार में 300 रुपये से स्टार्ट है बड्स

ईयरबड्स बाजार में मोबाइल शॉप और ऑनलाइन बेवसाइट पर आसानी से मिल रहे हैं। इनकी शुरुआत 300 रुपये से लेकर कई हजारों तक जाती है। राजीव प्लाजा स्थित एक मोबाइल संचालक ने बताया कि दो साल पहले तक ईयरबड्स की इतनी मांग नहीं रहती थी। लेकिन अब हर दो से चार घंटे के अंदर तीन से चार ईयरबड्स बिक जाते हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

इस संबंध में ईएनटी विशेषज्ञ का कहना है कि शुरुआत में हम ईयरबड्स से तेज आवाज में गाने सुनते हैं और फिर हमें इसकी आदत हो जाती है। यह नुकसानदायक है क्योंकि आगे चलकर ऊंचा सुनने की आदत बहरेपन में बदल जाती है और सबसे ज्यादा खतरा इंफेक्शन फैलने का है।

### ईयरबड्स से होने वाली समस्याएं

ईयरबड्स का अधिक और तेज आवाज में उपयोग करने से सुनने की क्षमता में कमी, कान में दर्द, संक्रमण और कान के मैल का जमाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ईयरबड्स को साफ न रखने से कान में बैक्टीरिया और फंगस का संक्रमण हो सकता है। इसके इस्तेमाल से कान का मैल अंदर की तरफ चला जाता है जिससे कान में जमाव और रुकावट हो सकती है। ऐसे में आप कुछ खास उपाय करके इस तरह की परेशानियों से बच सकते हैं।



### दूसरे का ईयरबड्स इस्तेमाल न करें

दूसरों के ईयरबड्स इस्तेमाल करने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा होता है। ईयरबड्स कानों के अंदरूनी हिस्से में इस्तेमाल होते हैं और अगर किसी और के ईयरबड्स इस्तेमाल किए जाएं तो बैक्टीरिया या फंगस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में जा सकते हैं।

### तेज आवाज में न करें इस्तेमाल

ईयरबड्स के अत्यधिक और तेज आवाज में इस्तेमाल से सुनने की क्षमता कम हो सकती है। इसके अलावा आंतरिक कान की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। वहीं शोर-प्रेरित श्रवण हानि धीरे-धीरे होती है, इसलिए आपको यह पता नहीं चल सकता है कि कब नुकसान हो रहा है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्यों खत्म किया जा रहा है 'द कॉन्जुरिंग यूनिवर्स'? डायरेक्टर माइकल ने बताई यह वजह



'द कॉन्जुरिंग' यूनिवर्स की अभी तक तमाम फिल्में आ चुकी हैं और इनमें से ज्यादातर को बॉक्स ऑफिस पर काफी क्रेजी रिस्पॉन्स मिला है। सच्ची घटनाओं पर आधारित ये फिल्में सुपरहिट रही हैं, लेकिन अब इसके अपकमिंग पार्ट के साथ ही मेकर्स ने इस यूनिवर्स को खत्म करने का फैसला किया है। डायरेक्टर माइकल छाव्स को लगता है कि अब 'द कॉन्जुरिंग' यूनिवर्स को खत्म करने का वक्त आ गया है। इस हॉरर मूवी यूनिवर्स की फैन फॉलोइंग बहुत ज्यादा है और इसीलिए अब यह सवाल उठ रहा है कि माइकल क्यों यह सिनेवर्स खत्म कर रहे हैं। माइकल ने इस सवाल का जवाब भी दिया है। माइकल अपनी अपकमिंग फिल्म 'कॉन्जुरिंग - द लास्ट राइट्स' के साथ इस मूवी सीरीज को खत्म करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सिनेवर्स को खत्म करने का फैसला उन्होंने अपनी टीम की सहमति से लिया है। माइकल ने बताया, मुझे सभी के साथ काम करना बहुत अच्छा लगा, लेकिन सभी (टीम को) ऐसा लगा कि अभी यह अपने टॉप पर है, और इसे यहीं पर ही खत्म करने का वक्त आ गया है। आप हमेशा चाहते हैं कि चीजें जब टॉप पर हों तब रुकें। माइकल ने बताया कि कोई भी यह नहीं चाहता कि उसकी वजह से कोई फ्रेंचाइज़ी डाउनफॉल फेस करे। यह एक अनूठा मौका था जब हम यह तय कर सकते थे कि आखिरी चैप्टर कब और कैसे सुनाना है।

### टॉलीवुड

## महेश -नम्रता ला रहे साइकोलॉजिकल-थ्रिलर, राव बहादुर टीजर आउट



सुपरस्टार महेश बाबू और डायरेक्टर वेंकटेश महा की फिल्म राव बहादुर का मच अवेटेड टीजर सोमवार को आखिरकार रिलीज हो गया है। महेश बाबू के साथ फिल्म बना रहे एसएस राजामौली ने एक्टर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले फिल्म का टीजर लॉन्च किया है। ये फिल्म अनूठी थीम को पर्दे पर लेकर आ रही है। इसकी कहानी शक के इर्द-गिर्द बुनी गई है कि कैसे 'शक' इंसान की जिंदगी को खराब कर सकता है। शक, जिसे कहानी का असली दुश्मन बताया गया है। टीजर में साफ दिखाया गया है कि फिल्म का हीरो इसी शक के जाल में फंसा हुआ है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जब सामने आया था, तब ही यह साफ हो गया था कि कुछ अलग और खास देखने को मिलने वाला है। पोस्टर में एक्टर सत्यदेव का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देख फैंस हैरान रह गए थे. तभी से फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ती जा रही थी और अब टीज़र ने इस जोश को और बढ़ा दिया है। राव बहादुर का टीजर हमें एक नई और रहस्यमयी दुनिया में ले जाता है। इसमें रोमांच और सस्पेंस से भरी ढेरों कहानियों की झलक दिखाई देती है। सबसे ज्यादा ध्यान खींचता है सत्यदेव का बदला हुआ लुक और उनकी शानदार एक्टिंग. विजुअल्स और स्टाइल भी इतने खास हैं कि दर्शक खुद को स्क्रीन से नजरें हटाने नहीं दे पा रहे। फैंस के लिए खुशखबरी यह है कि राव बहादुर अगले साल गर्मियों 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कुल मिलाकर, दमदार टीम, यूनिक स्टोरी और सत्यदेव के शानदार लुक के साथ राव बहादुर उन फिल्मों में से एक है, जिसका इंतजार अब हर किसी को बेसब्री से रहेगा।

### भोजपुरी

## खेसारी लाल यादव के नए गाने 'मरद बाड़ा कइसन' ने उड़ाया गर्दा



भोजपुरी फिल्मों के स्टार खेसारी लाल यादव का मार्केट में नया गाना आया है, जिसने धमाल मचा दिया है। गाने को फैंस भी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इस गाने के बोल हैं 'मरद बाड़ा कइसन', जो एक रोमांटिक गाना है। खेसारी इस गाने में रक्षा गुप्ता के साथ रोमांस कर रहे हैं। खेसारी लाल यादव एक के बाद एक कई गाने रिलीज कर चुके हैं, जो अभी तक वायरल हैं। अब ये नया गाना भी वायरल हो रहा है। 'मरद बाड़ा कइसन' इसी नाम की एल्बम का गाना है, और इसे खेसारी लाल यादव ने ही गाया है। गाने के लिरिक्स विक्की बेदर्दी ने लिखे हैं और म्यूजिक आर्या शर्मा ने दिया है। गाने में खेसारी का आशिकाना अंदाज देखने को मिल रहा है, जिस पर भोजपुरी के फैंस दिल लुटा रहे हैं। 'मरद बाड़ा कइसन' का वीडियो देख एक फैन ने कमेंट किया है, 'भाई सुबह से इतनी बार सुन लिया हूं कि याद ही नहीं आ रहा कितना बार सुन चुका हूं।' एक ने लिखा, 'खेसारी भाई आपकी जोड़ी रक्षा गुप्ता के साथ मस्त लगती है।' एक का कमेंट है, 'लो एक और तगड़ा गाना आ गया। एकदम धांसू।' एक फैन बोला, 'लाजवाब गाना है भाई।' पिछले हफ्ते ही खेसारी ने अपना एक और गाना 'गुलरी के फूल' रिलीज किया था, जो अभी तक यूट्यूब पर ट्रेंडिंग में है। इसे खेसारी ने सृष्टि भारती के साथ गाया था, जबकि वीडियो में वह नीलम गिरी संग रोमांस करते नजर आए। खेसारी की निजी जिंदगी की बात करें, तो उनका असली नाम शत्रुघ्न कुमार यादव है। वह बिहार के सारण जिले के रसूलपुर में पैदा हुए थे और काफी गरीबी में दिन गुजारे। खेसारी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें बचपन से ही गाने का शौक था, पर परिवार की आर्थिक हालत खराब थी, इसलिए वह जब भैंस चराने जाते तो गाते थे। इसके बाद खेसारी ने मेट्रिक तक की पढ़ाई पूरी की और फिर छोटे-छोटे प्रोगाम में गाने लगे। पढ़ाई और गाने के साथ-साथ खेसारी गाय-भैंस चराते और दूध भी निकालते थे। कभी गरीबी में रहे खेसारी आज भोजपुरी सिनेमा के सबसे अमीर स्टार्स में से एक हैं।

## लाइफ स्टाइल

## साइना ने सादगी से जीता दिल

बैडमिंटन कोर्ट पर अपने शानदार प्रदर्शन से लोगों का दिल जीतने वाली साइना अक्सर ही सादे- सिंपल कैजुअल कपड़ों में नजर आती हैं। लेकिन, एक इवेंट के लिए वह एकदम देसी रूप में बन- ठनकर तैयार हुईं। जिसके लिए उन्होंने ओलहा लेबल का पीला कुर्ता पहना और इसे स्टाइल करने में कुछ भी ओवर न करते हुए अपनी सादगी से दिल जीत लिया। साइना यहां अनारकली स्टाइल फ्लरोल प्रिंटेड कुर्ता सेट में नजर आ रही हैं। जिसकी वी नेकलाइन और उस पर लगी सुनहरे लेस इसके स्टाइल कोशेंट को एन्हांस कर रही है। जहां अपर पोर्शन को बस नेकलाइन से ही लेस वाला बॉर्डर ले जाकर वेस्ट पर डेरी वाला डिजाइन देकर चोली जैसा लुक दिया, जिसमें लगी गोल्डन लेस वाली फैब्रिक से बनी लटकन सुंदर लगी।



## बारिश में बाल हो जाते हैं फ्रिज़ी, गुच्छों में लगते हैं गिरने, जानें कैसे करें अपने हेयर की बेहतरीन केयर


बारिश के मौसम में बालों का फ्रिज़ी होना और गुच्छों में गिरना एक आम समस्या है। इस मौसम में हवा में नमी बहुत बढ़ जाती है, जिससे बाल नमी को सोखकर रूखे और कमज़ोर हो जाते हैं। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखें तो इस परेशानी से बच सकती हैं।

### फ्रिज़ी बालों को कैसे करें कंट्रोल?

**सल्फेट-फ्री शैम्पू को कहें अलविदाः** शैम्पू ऐसा इस्तेमाल करें जिसमें सल्फेट और अल्कोहल की मात्रा न हो। सल्फेट युक्त शैम्पू बालों की नेचुरल चमक और नमी को छीन लेता है जिससे बाल फ्रिज़ी और डैमेज हो जाते हैं।

**सही कंडीशनर का करें इस्तेमालः** अच्छे शैम्पू के बाद ज़रूरी है कि आप बेहतरीन क्वालिटी का कंडीशनर इस्तेमाल करें। कंडीशनर बालों की नमी को बनाए रखता है और फ्रिज को कंट्रोल करता है जिससे बाल मुलायम बनता है।

**बालों को ज़्यादा न धोएंः** बारिश ही नहीं किसी भी मौसम में बाल को रोज़ाना वॉश न करें। रोज़ाना या ज़्यादा धोने से वे रूखे और बेजान हो जाते हैं। हफ्ते में दो से तीन दिन ही बाल को धोएं। बाल को धोने से पहले गुनगुने तेल से मसाज करें।



**होममेड हेयर मास्क लगाएंः** हफ्ते में एक बार हेयर मास्क का इस्तेमाल करें। ज़रूरी नहीं है कि आप हेयर मास्क खरीदकर ही इस्तेमाल करें। दही, शहद और केला से भी मास्क बना सकती हैं। यह बालों को गहराई से पोषण देता है।

### बालों का झड़ना कैसे रोकें?

**गीले बालों में कंघी न करें:** अगर आपके बाल गीले हैं तो उनमें तुरंत कंघी न करें। गीले बाल तेजी से टूटते हैं। अपने बालों को हेल्दी बनाने के लिए और वे टूटकर गिरे न इसलिए जब बाल हलके सूख जाएं तब चौड़े दांत वाले कंघी का इस्तेमाल करें।

**तनाव से रहें दूर:** तनाव भी बालों के झड़ने का एक बड़ा कारण है। योग, प्राणायाम और मेडिटेशन करने से तनाव कम होता है, जिससे बालों का गिरना भी कम हो सकता है।

**गुनगुने तेल कसे करें मसाजः** नारियल तेल, बादाम तेल को हल्का गरम करके हफ्ते में एक या दो बार सिर की मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और बालों की जड़ें मज़बूत होती हैं।

## गुजराती साड़ी पहनने और स्टाइल करने के लिए अपनाएं ये तरीका

फैशन





गुजराती स्टाइल साड़ी पहनना एक कला है, जो न केवल आपको पारंपरिक लुक देती है, बल्कि आपको खास भी महसूस कराती है। इस स्टाइल में साड़ी को पहनने का तरीका थोड़ा अलग होता है, जिससे आपको एक अनोखा और आकर्षक लुक मिलता है। इस लेख में हम आपको कुछ उपयोगी सुझाव देंगे, जिनसे आप अपनी गुजराती स्टाइल साड़ी को और भी खूबसूरत बना सकती हैं और उसे सही तरीके से पहन सकती हैं।

**ब्लाउज का चयन ध्यान से करें :** गुजराती स्टाइल साड़ी के साथ ब्लाउज का चयन करना बहुत जरूरी है। ब्लाउज ऐसा होना चाहिए, जो आपकी फिटिंग का हो और साड़ी के साथ मेल खाता हो। अगर आपकी साड़ी भारी कढ़ाई वाली हो तो हल्का ब्लाउज चुनें और साधारण साड़ियों के साथ भारी कढ़ाई वाला ब्लाउज पहनें। इसके अलावा ब्लाउज की फिटिंग भी अच्छी होनी चाहिए ताकि वह आपके शरीर पर सही तरीके से जचे।

**पल्लू को सही तरीके से लपेटें :** गुजराती स्टाइल साड़ी को बांधना का तरीका वैसे तो सामान्य है, लेकिन इसका पल्लू खास तरीके से लिया जाता है। पल्लू को पीछे से आगे की तरफ लाते हैं। इस दौरान पल्लू का आगे का हिस्सा पेट तक आना चाहिए। अब पल्लू को कंधे पर सेफ्टी पिन से फिक्स करें और इसके आगे वाले हिस्से को थोड़ा खोलते हुए उसके एक किनारे को पेट के किनारे पर साड़ी में अटकाएं।

**कमरबंद का उपयोग करें :** गुजराती स्टाइल साड़ी में कमरबंद आपके लुक में आकर्षण जोड़ सकता है। कमरबंद को कमर पर बांधें और इसे थोड़ा ढीला छोड़ें ताकि आरामदायक महसूस हो। आप चाहें तो कमरबंद को मैचिंग रंग की चुन सकती हैं या फिर विपरीत रंग की कमरबंद भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएगी। कमरबंद से आपकी साड़ी का पल्लू और प्लेट्स सही तरीके से सेट रहेंगे।

**फुटवियर्स का सही चयन करें :** फुटवियर्स भी आपके पूरे लुक को प्रभावित करती हैं इसलिए इन्हें चुनते समय ध्यान दें कि वे आपकी साड़ी के साथ मेल खाते हों। पारंपरिक फुटवियर्स पहनें, जो आपके पैरों को आरामदायक महसूस कराएं और आपके लुक को पूरा करें। इसके अलावा अगर आपकी साड़ी भारी कढ़ाई वाली हो तो हल्के रंग के फुटवियर्स चुनें ताकि वे अधिक न दिखें और साड़ी की सुंदरता उभरकर आए।

**गहनों का मेल रखें :** गहनों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आपकी साड़ी के साथ मेल खाते हों। भारी कढ़ाई वाली साड़ियों के साथ हल्के गहने पहनें ताकि आपका लुक संतुलित लगे। पारंपरिक गहनों जैसे चूड़ियां, झुमके और मांगटीका आपके लुक को पूरा करेंगे और आपको खास महसूस कराएंगे। इन सरल सुझावों को अपनाकर आप अपनी गुजराती स्टाइल साड़ी को और भी खूबसूरत बना सकती हैं और हर मौके पर आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं।

## ब्लाउज के साथ नेकलेस पहनते वक्त करेंगी ये गलती तो नहीं दिखेगा हीरोइनों जैसा लुक

शादी होने वाली हैं तो डिजाइनर साड़ी और लहंगे की शॉपिंग में बिजी होंगी लेकिन साड़ी और लहंगे के साथ उसके ब्लाउज की डिजाइन पर फोकस करें। गलत डिजाइन और फिटिंग के कारण ना केवल ब्लाउज का लुक खराब दिखता है बल्कि महंगे से महंगा साड़ी और लहंगा भी अट्रैक्टिव नहीं दिखता। ऐसे में स्टाइलिस्ट के बताए तरीके से ब्लाउज और नेकलेस को पेयर करें। जान लें क्या है वो गलती जिसकी वजह से नेकलेस और ब्लाउज को पेयर करने पर स्टाइलिश लुक नहीं मिलता।

**नेकलाइन और नेकलेस के बीच में गैप ना होना :** लहंगा हो या साड़ी, अगर उसके ब्लाउज के नेकलाइन और नेकलेस के बीच में गैप नहीं होगा। तो लुक परफेक्ट नहीं नजर आता। दरअसल, दोनों के बीच में गैप ना होने की वजह से ना ब्लाउज की नेकलाइन हाइलाइट हो पाती है और ना ही नेकलेस की खूबसूरती दिखती है। इसलिए नेकलाइन और नेकलेस के बीच में गैप होना जरूरी है।



### शोल्डर की चौड़ाई रखें कम

ब्लाउज में हीरोइनों जैसा लुक चाहिए तो शोल्डर की चौड़ाई को कम रखें। नेकलाइन कंफर्टेबल होनी चाहिए लेकिन ब्रॉड होने की वजह से स्किन शो होगी और इस तरह के ब्लाउज आपके लुक को इनहैंस करेगा।

### ना पहनें चौड़े नेकलेस

नेकलेस को चुनते समय बॉडी टाइप का ध्यान रखना जरूरी है। इसके साथ ही ट्रेंड के हिसाब से बहुत ज्यादा चौड़े नेकपीस ना चुनें। अगर आप ब्राइड हैं तो भी लेयरिंग को चुनें। एक स्लीक चोकर के साथ दो लांग नेकलेस को पेयर करें। ऐसा करने से आपकी गर्दन पूरी रह से नहीं छिपेगी और आपका लुक ब्लाउज के साथ साथ परफेक्ट दिखेगा।

## घर पर आसानी से बनाए जा सकते हैं कशमीरी ईयरिंग्स, सरल है बनाने का तरीका

कश्मीरी ईयरिंग्स अपने अनोखे डिजाइन और खूबसूरती के लिए मशहूर हैं, लेकिन अब इनका चलन काफी बढ़ गया है। चलन बढ़ने के कारण बाजारों में यहीं ईयररिंग्स 2,500 रुपये से 5,000 रुपये में बेचे जा रहे हैं। अगर आपको भी ये ईयररिंग्स पसंद आ रहे हैं तो आप इन्हें किसी दुकान से खरीदने की बजाय खुद से बना सकती हैं। इससे न केवल आपके काफी पैसे बचेंगे, बल्कि आपको अपने मनपसंद डिजाइन में कश्मीरी ईयररिंग्स भी मिल जाएंगे।

**सामान एकत्रित करें :** कश्मीरी ईयरिंग्स बनाने के लिए सबसे पहले आपको कुछ सामान की आवश्यकता होगी, जैसे कि मोती, चेन, हुक्स, और छोटे-छोटे धागे। आप इन चीजों को किसी भी गहनों की दुकान से खरीद सकती हैं या फिर ऑनलाइन मंगवा सकती हैं। इसके अलावा आप चाहें तो पुराने गहनों से भी सामग्री निकाल सकते हैं। इससे आपके पास अलग-अलग रंग और डिजाइन के मोतीऔर अन्य सामान इकट्ठा हो जाएंगे, जिनका आप उपयोग कर सकते हैं।



**डिजाइन तैयार करें :** कश्मीरी ईयरिंग्स बनाने से पहले आपको उनका डिजाइन तैयार करना होगा। इसके लिए आप कागज पर स्केच बना सकते हैं या फिर इंटरनेट से प्रेरणा ले सकते हैं। ध्यान रखें कि आपका डिजाइन ऐसा होना चाहिए, जो आपके चेहरे पर अच्छा लगे और आपकी व्यक्तिगत शैली को दर्शाए। आप चाहें तो अलग-अलग आकार और आकारों का मिश्रण करके एक अनोखा डिजाइन बना सकते हैं, जिससे आपकी ईयरिंग्स और भी खास लगें।

**आधार तैयार करें :** डिजाइन बनाने के बाद अब बारी आती है आधार तैयार करने की। इसके लिए आपको पहले चेन को अपनी पसंद अनुसार काटना होगा और फिर उसे हुक्स से जोड़ना होगा ताकि यह कानों में अच्छी तरह फिट हो सके। अगर आप चाहें तो इसके अलावा आप चेन पर मोती या घुंघरू भी जोड़ सकते हैं, जिससे इसकी सुंदरता बढ़ जाएगी।

कार्नर न्यूज

## ज्यादा आकर्षक और आत्मविश्वासी करेंगे महसूस

## त्योहारों पर धोती-कुर्ता पहनते हैं तो इन बातों का रखें खास ध्यान, लगेगा अच्छा

त्योहारों पर धोती-कुर्ता पहनना एक पारंपरिक तरीका है। यह न केवल आपको एक शाही लुक देता है, बल्कि आरामदायक भी होता है। हालांकि, सही तरीके से धोती-कुर्ता पहनना और उसे संभालना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी सुझाव देंगे, जिनसे आप त्योहारों पर धोती-कुर्ता पहनते समय ज्यादा आकर्षक और आत्मविश्वासी महसूस करेंगे। इन सुझावों को अपनाकर आप अपनी पारंपरिक पोशाक को और भी खास बना सकते हैं।



### कुर्ते की फिटिंग पर ध्यान दें

धोती-कुर्ता पहनते समय कुर्ते की फिटिंग बहुत अहम होती है। कुर्ता न तो बहुत ढीला होना चाहिए और न ही बहुत टाइट। बेहतर होगा अगर आप अपने शरीर के आकार के अनुसार कुर्ता सिलवाएं ताकि वह आरामदायक महसूस हो और आपके लुक को निखारे। इसके अलावा कुर्ते की लंबाई भी ध्यान में रखें, जो आपकी धोती से थोड़ी लंबी होनी चाहिए ताकि पूरा लुक संतुलित लगे। सही फिटिंग वाला कुर्ता आपको आत्मविश्वासी और आकर्षक दिखाएगा।



### सही कपड़े का चयन करें

धोती-कुर्ता पहनते समय सबसे जरूरी है सही कपड़े का चयन करना। गर्मियों में सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीना सोखते हैं। सर्दियों में ऊनी या मिक्स कपड़े का चयन करें, जो आपको गर्म रखें। इसके अलावा बाजार में कई प्रकार के डिजाइन और रंग उपलब्ध हैं इसलिए अपने पसंदीदा रंग और डिजाइन का चयन करें ताकि आप त्योहार पर सबसे अलग और आकर्षक दिखें।

### धोती बांधने का तरीका सीखें

धोती बांधना एक कला है, जिसे सही तरीके से सीखना जरूरी है। बाजार में तैयार धोती भी मिलती हैं, लेकिन अगर आप खुद बांधना चाहते हैं तो पहले अभ्यास करें। इसके लिए एक लंबी चादर या धोती लें और उसे पैरों के चारों ओर लपेटें, ध्यान रखें कि वह ढीली न हो ताकि चलने में कोई दिक्कत न हो। कई वीडियो उपलब्ध हैं, जिनसे आप धोती बांधने के तरीके सीख सकते हैं।

### रंगों का मेल मिलाएं

धोती-कुर्ता पहनते समय रंगों का मेल मिलाना बहुत जरूरी है। अगर आपकी धोती सफेद रंग की है तो नीले, हरे या पीले रंग का कुर्ता चुनें, जो आपके लुक को खास बनाएगा। इसके अलावा अगर आपकी धोती हल्के रंग की है तो गहरे रंग का कुर्ता पहनें, जिससे आपका लुक संतुलित लगेगा। रंगों का सही मेल आपके पूरे लुक को आकर्षक और मनोहर बनाएगा, जिससे आप त्योहारों में सबसे अलग और खास दिखेंगे।